दैनिक
मिशन नेशनल न्यूज
Mission of Truth
TITLE CODE.: UTTHIN05386
हिन्दी अखबार
प्रसारित स्थान : उत्तराखण्ड ● प्रयागराज ● मथुरा ● बिजनौर ● सहारनपुर ● मुजफ्फरनगर ● मेरठ ● गाजियाबाद
वेबसाईट पढ़े: www.missionnationalnews.com
वर्ष-2 अंक-350 पृष्ठ-8 : मूल्य : 1 रुपये
हरिद्वार,मंगलवार , 17 दिसंबर 2024

संक्षिप्त समाचार

शंभू बॉर्डर पर किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

-18 दिसंबर को किसानों का रेल रोको आंदोलन

पटियाला

शंभू-खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में सोमवार को हरियाणा में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। हिसार, सोनीपत, चरखी दादरी, सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला में किसानों ट्रैक्टर मार्च निकाल प्रदर्शन किया। हांसी में किसान ट्रैक्टर पर रामायण टोल से मिनी सचिवालय तक गए। वहीं सोनीपत के खरखौदा में रोहणा बाइपास चौक से मार्च निकाला गया। पंजाब में मार्च निकालने का ऐलान नहीं हुआ था। यहां 18 दिसंबर को रेल रोको आंदोलन किया जाएगा।

रेल रोको आंदोलन पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि किसानों को ट्रेनें नहीं रोकनी चाहिए। इससे आम लोगों को ही परेशानी होती है। वहीं हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में हम 24 फसलों पर एमएसपी दे रहे हैं, कांग्रेस और आप की सरकार भी किसानों को एमएसपी पर फसल खरीदने की गारंटी दे।

भाजपा सरकार को हो रहा आंदोलन का फायदा

भारतीय किसान यूनियन (भूकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत आज हरियाणा के करनाल में पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन का फायदा इस समय भाजपा सरकार को हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभी किसान पंजाब की जमीन पर हैं और पंजाब में सरकार आम आदमी पार्टी की है। आंदोलन कब खत्म होगा इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ये आंदोलन 4 से 5 महीने और चलेगा। साथ ही उन्होंने किसानों को नसीहत देते हुए कहा कि बंटोगे तो लुटोगे।

विवादित बयान देने वाले जस्टिस शेखर यादव पर कसा शिकंजा

नई दिल्ली

देश बहुसंख्यकों के हिसाब से चलेगा वाला बयान देकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव विवादों में घिर गए हैं। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी उन पर शिकंजा कस दिया है। हंगामा होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर बड़ा एक्शन लिया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस शेखर कुमार यादव को पेश होने के लिए समन भेजा है। जस्टिस शेखर कुमार यादव को अपने विवादास्पद बयान पर स्पष्टीकरण देने को भी कहा गया है। गौरतलब है कि जस्टिस शेखर कुमार यादव ने विश्व हिंदू परिषद की लीगल सेल की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में विवादास्पद बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि देश का कानून बहुसंख्यकों की इच्छा के मुताबिक चलेगा। सूत्रों के हवाले से बताया कि देश के मुख्य न्यायधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाला कॉलेजियम इस मामले पर जल्द ही सुनवाई करेगी। खबरों के मुताबिक शीर्ष अदालत के शीतकालीन अवकाश यानी 17 दिसंबर से पहले सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर विचार विमर्श करेगी।

हमें बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओ की चिंता

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

देहरादून मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजय दिवस के अवसर पर गांधी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने के लिए 1971 के युद्ध में भारत के लगभग 39 सौ जवान शहीद हुए, वही बांग्लादेश अब सांप्रदायिक ताकतों के बहकावे में आकर हमारे देश के खिलाफ अपशब्द बोल रहा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और हिंसा ने मानवता के मूल्यों पर गहरा आघात किया है। गांधी पार्क में आयोजित विजय दिवस समारोह में अपने संबोधन की शुरूआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ की। इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने 1971 के युद्ध में न केवल राष्ट्र की अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा की बल्कि अपने अद्वितीय रण कौशल द्वारा दुश्मन को चारों खाने चित्त भी कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1971 में पाकिस्तान के साथ लड़ा गया यह युद्ध स्वतंत्र भारत के इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय है, जो प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव और प्रेरणा का स्त्रोत है। 1971 के युद्ध में हमारी सेना ने विश्व को दिखा दिया कि भारत न केवल अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड` पर मानवता और न्याय की रक्षा के लिए भी खड़ा हो सकता है। इस युद्ध में हमारी तीनों सेनाओं ने मात्र 13 दिनों में पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस युद्ध में पाकिस्तान के लगभग एक लाख सैनिकों ने 16 दिसंबर 1971 को हमारी सेना के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जो दुनिया के सैन्य इतिहास में एक अद्वितीय घटना के रूप में दर्ज है। उस युद्ध में लगभग 39 सौ भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए, जिनमें वीरभूमि उत्तराखंड के 255 बहादुर सपूत भी शामिल थे। तब हमारे प्रदेश के 74 सैनिकों को अपने अदम्य साहस और शौर्य के लिए विभिन्न वीरता पदकों से सम्मानित भी किया गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 2०14 से पूर्व सेना के शौर्य को भी राजनीतिक चश्मे से आंकने का प्रयास किया जाता था। तब दुश्मन के हमला का जवाब देने के लिए भी सेना को आदेश लेना पड़ता था, लेकिन 2०14 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की सेनाओं को युदध के समय गोली चलाने के लिए आदेश की आवश्यकता नहीं पड़ती है, सेना अब बढ़े हुए मनोबल से गोलियों का जवाब गोलों से दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेना तो पहले भी शक्तिशाली ओर पराक्रमी थी, लेकिन तब नेतृत्व के कारण सेना को साजो सामान के मामले में न्याय नहीं मिल पाता था। लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सेना के पराक्रम और बलिदान को सर्वोच्च सम्मान देती है। आज भारतीय सेना को प्रत्येक क्षेत्र में सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप आज भारत न केवल अपनी रक्षा जरूरतों में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है, बल्कि विभिन्न देशों को रक्षा सामग्री निर्यात करने में भी नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने जहां एक ओर सैनिकों या उनके आश्रितों को मिलने वाली अनुदान राशि को बढ़ाने का काम किया है वहीं शहीद सैनिकों के आश्रितों को राज्य सरकार के अधीन आने वाली नौकरियों में वरीयता के आधार पर नियुक्ति देने का भी निर्णय लिया है। साथ ही, वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों को मिलने वाली एकमुश्त अनुदान राशि में भी बढ़ोतरी की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अनुदान राशि को लेकर परिवार में कोई मतभेद ना हो, इसके लिए राज्य सरकार ने शहीदों के माता-पिता और पत्नी दोनों को समान रूप से अनुदान राशि में अधिकार देने का काम किया है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वो खुद एक सैनिक पुत्र हैं, इसलिए आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में आ रहे सकारात्मक बदलाव को देखकर उन्हें भी अत्यंत हर्ष का अनुभव होता है। मुख्यमंत्री ने बांग्लादेश के मौजूदा हालातों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें बंगलादेश में रहने वाले हिंदुओ की चिंता है। उन्होंने कहा कि छोटी झ छोटी घटना पर कैंडिल मार्च के साथ ही संसद बाधित करने वाले अब पूरी तरह गायब हैं। ये कौन लोग हैं जिन्हें केवल वोट के लिए बांग्लादेश का नरसंहार तक नहीं दिखाई दे रहा है।

कांग्रेस सांसद टैगोर ने सेना मुख्यालय से युद्ध की तस्वीर हटाने को लेकर दिया स्थगन

नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने सेना मुख्यालय, नई दिल्ली से 1971 के युद्ध की तस्वीर हटाने पर चर्चा के लिए सोमवार को लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने यह भी रेखांकित किया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में 1971 की जीत भारत के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण सैन्य विजयों में से एक है। इस प्रतिष्ठित तस्वीर को हटाना इसके महत्व को कम करने और हमारी सामूहिक स्मृति से इसकी विरासत को मिटाने का एक प्रयास है। इसके अलावा उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह तस्वीर को ह्लतुरंतह्व उसकी मूल स्थिति में बहाल करें। टैगोर ने कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी सरकार से आग्रह करता हूं कि वह 1971 के आत्मसमर्पण की तस्वीर को तुरंत उसकी मूल स्थिति में बहाल करें और यह सुनिश्चित करें कि इतिहास संशोधनवाद के ऐसे कृत्य दोहराए न जाएं। हमारे इतिहास, हमारी जीत और हमारे सशस्त्र बलों के बलिदान को अत्यंत सम्मान और गरिमा के साथ संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से इस पर एक स्वतंत्र समिति गठित करने की भी मांग की। कांग्रेस सांसद ने कहा, इसके अलावा मैं सरकार से सभी दलों के सांसदों के साथ एक स्वतंत्र समिति गठित करने का आह्वान करता हूं, जो ऐसे ऐतिहासिक प्रतीकों को हटाने के पीछे के कारणों की जांच करें और हमारी राष्ट्रीय विरासत की रक्षा और संरक्षण के उपायों की सिफारिश करें। इस समिति को सभी क्षेत्रों में अतीत, वर्तमान और भविष्य में इसी तरह की घटनाओं की भी जांच करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए निवारक उपाय सुझाने चाहिए कि हमारे इतिहास के साथ किसी भी तरह से छेड़छाड़ न हो। हर साल 16 दिसंबर को भारत 1971 के भारत-पाक युद्ध में अपनी निर्णायक जीत की याद में विजय दिवस (विजय दिवस) मनाता है, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ। 1971 के युद्ध के दौरान 3,900 भारतीय सैनिकों की मृत्यु हुई और 9,851 घायल हुए थे।

आज विजय दिवस पर राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी समेत अनेक नेताओं ने दी जवानों को श्रद्धांजलि

-शहीदों का बलिदान पीढ़ियों को प्रेरित करेगा, यह इतिहास में गहराई से समाया रहेगा

नई दिल्ली

आज देश 1971 की जंग में मिली जीत का विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने वीर सैनाकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने 1971 के जंग में शामिल जवानों को श्रद्धांजलि दी है। साथ ही रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जवानों को सलामी पेश की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वीर सैनिकों की शहादत को याद करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि विजय दिवस पर मैं उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं, जिन्होंने 1971 के युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देते हुए भारत को विजय दिलाई। राष्ट्र हमारे वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- आज विजय दिवस पर हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं जिन्होंने 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया है। उनके निस्वार्थ समर्पण और अटूट संकल्प ने हमारे देश की रक्षा की और हमें गौरव दिलाया। पीएम मोदी ने आगे कहा कि यह दिन उनकी असाधारण वीरता और उनकी अडिग भावना को श्रद्धांजलि है। उनका बलिदान हमेशा पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और हमारे देश के इतिहास में गहराई से समाया रहेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर ट्वीट कर कहा- देश जवानों के बलिदान और सेवा को कभी नहीं भूलेगा। आज विजय दिवस के खास मौके पर भारत के सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को सलाम करता हूं। उनके अटूट साहस और देशभक्ति ने सुनिश्चित किया कि हमारा देश सुरक्षित रहे। भारतीय वायु सेना ने भी एक्स पर एक पोस्ट में 16 दिसंबर को समाप्त हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में अपनी भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने पोस्ट में लिखा 1971 का भारत-पाक युद्ध 16 दिसंबर 1971 को लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी के बिना शर्त आत्मसमर्पण के साथ खत्म हुआ, जो एक स्वतंत्र बांग्लादेश के जन्म का प्रतीक था। यह ऐतिहासिक क्षण एक समन्वित सैन्य प्रयास के माध्यम से हासिल किया गया था, जिसमें भारतीय वायु सेना ने 13-दिवसीय संघर्ष में त्वरित और निर्णायक परिणाम तय करने में अहम भूमिका निभाई, जिसे उपयुक्त रूप से बिजली युद्ध कहा गया।

सर्वोच्च बलिदान को देश सदा याद रखेगा: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर विजय दिवस के मौके पर देश के वीरों को याद किया। उन्होंने लिखा कि विजय दिवस के गौरवशाली अवसर पर हमारे सशस्त्र बलों के शौर्य, समर्पण और संकल्प को नमन करता हूं। भारत की संप्रभुता की रक्षा करते हुए बांग्लादेश को अन्याय से मुक्त करवाने वाले, 1971 के युद्ध के सभी वीरों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को देश सदा याद रखेगा।

16-DEC पर वीरांगनाओं और वीर माताओं को नि:शुल्क बस यात्रा !

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

देहरादून राजधानी स्थित आज विजय दिवस के अवसर पर गांधी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने के लिए 1971 के युद्ध में भारत के लगभग 39 सौ जवान शहीद हुए, वही बांग्लादेश अब सांप्रदायिक ताकतों के बहकावे में आकर हमारे देश के खिलाफ अपशब्द बोल रहा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और हिंसा ने मानवता के मूल्यों पर गहरा आघात किया है।

वही, आज 16-उ्एउ. को देहरादून गांधी पार्क में आयोजित विजय दिवस समारोह में अपने संबोधन की शुरूआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 1971 के ुद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ की। इस मौके पर विधायक खजान दास, दजाधारी विश्वास डाबर, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, सचिव दीपेंद्र चौधरी, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह, निदेशक सैनिक ब्रिगेडियर कल्याण अमृत लाल (से.नि), मेजर जनरल सम्मी सबरवाल (से.नि), ब्रिगेडियर के.जी बहल(से.नि) एवं पूर्व सैन्य अधिकारी और वीरांगनाएं उपस्थित थे।

इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने 1971 के युद्ध में न केवल राष्ट्र की अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा की बल्कि अपने अद्वितीय रण कौशल द्वारा दुश्मन को चारों खाने चित्त भी कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1971 में पाकिस्तान के साथ लड़ा गया यह युद्ध स्वतंत्र भारत के इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय है, जो प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव और प्रेरणा का स्त्रोत है। 1971 के युद्ध में हमारी सेना ने विश्व को दिखा दिया कि भारत न केवल अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड़ने पर मानवता और न्याय की रक्षा के लिए भी खड़ा हो सकता है। इस युद्ध में हमारी तीनों सेनाओं ने मात्र 13 दिनों में पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस युद्ध में पाकिस्तान के लगभग एक लाख सैनिकों ने 16 दिसंबर 1971 को हमारी सेना के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जो दुनिया के सैन्य इतिहास में एक अद्वितीय घटना के रूप में दर्ज है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं और वीर माताओं को भी परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की घोषणा की है। समारोह के अंत में मुख्यमंत्री ने 1971 युद्ध के वीर सैनिकों और वीर नारियों का भी सम्मान किया।सैनिक कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की प्रमुख सैनिक शक्ति बन गया है। आज 70 से अधिक देशों को रक्षा निर्यात हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में शहीदों के याद में सैन्य धाम बनकर तैयार हो गया है, जल्द ही सैन्य धाम का लोकार्पण होने जा रहा है।

इस मौके पर शहरी विकास मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए साबित किया है कि दुनिया में यदि कोई भी ताकत भारत को आंख दिखाने का काम करेगी तो भारत उसे सबक सिखाना भी जानता है।

संपादकीय

जीवनदायी उपचार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी अक्सर कहते हैं कि बुरा लगता है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का आंकड़ा दुनिया में सबसे ज्यादा है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार देश में एक दशक में सड़क दुर्घटनाओं में 15 लाख लोगों की मौत हुई । हर साल कोई डेढ़ लाख से अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मरने वाले ज्यादातर युवा व परिवार के कमाने वाले होते हैं। उनके मरने से परिवार गरीबी के दलदल में जा धंसता है। यदि दुर्घटना होने पर घायलों को तुरंत व मुफ्त उपचार मिले तो लाखों जानें बचायी जा सकती हैं। इस संकट के मद्देनजर ही सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का शुरूआती गोल्डन ऑवर में निःशुल्क उपचार कराया जाएगा। दुर्घटना के बाद सात दिनों के भीतर घायल को डेढ़ लाख रुपये तक उपचार मुफ्त मिल सकेगा। हरियाणा पुलिस ने भी इस योजना की शुरूआत कर दी है। प्रदेश की सड़कों को नागरिकों के लिये सुरक्षित बनाने की पहल को विस्तार दिया जा रहा है। दरअसल, यह पायलेट प्रोजेक्ट नेशनल हेल्थ अथॉरिटी द्वारा स्थानीय पुलिस और राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुबंधित अस्पतालों के साथ तालमेल करते हुए संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा। इसमें अस्पताल प्रबंधन सॉफ्टवेयर में घायल व्यक्ति का डेटा अपलोड करके संबंधित पुलिस थाने को भेजेगा। थाना छह घंटे के भीतर दुर्घटना की पुष्टि करेगा, फिर घायल को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। निश्चित रूप से सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय की पहल पर शुरू की गई इस योजना का स्वागत किया जाना चाहिए। यदि समय रहते घायलों को उचित व मुफ्त उपचार मिल जाए तो हर साल हजारों जानें बचायी जा सकती हैं। लेकिन जरूरत इस बात की है कि अस्पतालों व पुलिस में बेहतर तालमेल स्थापित हो। निश्चित रूप से घायलों के प्रति संवेदनशील व्यवहार व औपचारिकताओं के बिना तुरंत उपचार जीवन रक्षक ही साबित होगा। उन बाधाओं को दूर करने की भी जरूरत है जिसकी वजह से लोग घायलों की मदद करने से कतराते हैं। इसके अलावा उन बिंदुओं पर विस्तार से काम करने की जरूरत है, जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाओं में तेजी आती है। जरूरी है कि जन-जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को दुर्घटनाओं को टालने के लिये सतर्क रहने को प्रेरित किया जाए। उन स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां दुर्घटना उन्मुख क्षेत्र स्थित हैं। इंजीनियरिंग विभाग की मदद से उन तकनीकी खामियों को दूर किया जाए जो दुर्घटना का कारण बनती हैं। इसी तरह स्कूली बसों की सुरक्षा की भी नियमित जांच होनी चाहिए। इस दिशा में हरियाणा पुलिस ने बड़ी पहल करते हुए 19 हजार से अधिक स्कूल बसों की जांच की है और खामी पाये जाने पर करीब साढ़े चार हजार से अधिक बसों के चालान भी किए हैं। इसी तरह ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों का भी चालान किया जाना चाहिए, ताकि दुर्घटना की आशंका को टाला जा सके। निस्संदेह, सरकार, पुलिस-प्रशासन तथा नागरिकों की जागरूकता से ही दुर्घटनाएं टाली जा सकती हैं।

(चिंतन-मनन)

प्रकृति की तीन शक्तियां

प्रकृति में तीन शक्तियां हैं- ब्रह्म शक्ति, विष्णु शक्ति और शिव शक्ति। प्रायः तुममें कोई भी एक शक्ति अधिक प्रबल होती है। ब्रह्म शक्ति वह ऊर्जा है जो नव-निर्माण करती है; विष्णु शक्ति ऊर्जा का पालन करती है और शिव शक्ति वह ऊर्जा है जो रूपांतरण करती है- नया जीवन देकर या संहार कर। तुममें से कुछ हैं जिनमें ब्रह्म शक्ति प्रबल है। तुम सृष्टि तो कर सकते हो, पर अपनी रचना को सुरक्षित नहीं रख पाते। हो सकता है तुम तुरंत ही नए मित्र बना लो, परंतु वह मित्रता अधिक समय तक टिकती नहीं। तुममें कुछ और लोग हैं जिनमें विष्णु शक्ति है। तुम रचना नहीं कर सकते, परंतु जो है उसे अच्छी तरह संभालकर रखते हो। तुम्हारी सभी पुरानी दोस्ती बहुत स्थायी होती है, परंतु तुम नए मित्र नहीं बना पाते। और तुममें कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनमें शिव शक्ति प्रबल है। वे नव-जीवन लाते हैं या रूपांतरण, या जो है उसे खत्म करते हैं। गुरु शक्ति में ये तीनों शक्तियां पूर्ण रूप से प्रफुल्लित हैं। पहले यह पहचानो कि तुममें कौन-सी शक्ति प्रबल है और फिर गुरु शक्ति की आकांक्षा करो, प्रार्थना करो।

संपूर्ण सृष्टि सरलता और बुद्धिमत्ता के मंगलमय लय से प्रकृति के नियमों पर चल रही है। यही मंगल ही दिव्यता है।

कांग्रेस और आप की सूची में भाजपा की उम्मीदें

–अनिल चतुर्वेदी–

दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस और आप उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी होने से क्या भाजपा की उम्मीदें बढ़ीं हैं ? भाजपा और कांग्रेस के बीच आज यह चर्चा का सवाल वन चुका है। कांग्रेस ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर यह जता दिया है कि वह किसी के न तो दवाब में चुनाव लड़ रही है और न ही किसी के दवाब में उम्मीदवारों का चयन कर रही है बल्कि आप के सामने वह फ्रंट फुट खड़ी हो चुनाव को तैयार हैं। या यूँ कहिए कि चाहे -अनचाहे कांग्रेस इस चुनाव में पूरे दम-खम से चुनाव में उतरी है। और भाजपा यही चाहती थी। भाजपाई तो कह रहे हैं कि उनकी पार्टी ने इसीलिए टिकट देने की जल्दबाजी नहीं की है। भाजपा मान चुकी है कि जितनी कांग्रेस मजबूती से से चुनाव लड़ेंगी भाजपा को उतना ही फायदा हो सकेगा इन चुनावों में। भाजपा शुरू से ही इस भरोसे में बताई जाती रही कि इस चुनाव में उसे तभी फायदा होना है जब कांग्रेस से आप पार्टी में शिफ़्ट हुआ उसका मुस्लिम और दलित वोट वापिस कांग्रेस में लौटेगा । जाहिर है कि आप और कांग्रेस में गठबंधन नहीं होने से ऐसा हो सके। सीधी बात कि अगर ऐसा होता है तो आप कमजोर हो सकेगी। पर अब भला राजनीतिक गलियारों में यह कहा जारा हो कि यह गणित तो भाजपा का होगा लेकिन केजरीवाल का गणित अलग ही होगा तो गलत भी क्या ? चर्चा तो यह भी है कि जिस तरह से कांग्रेस के टिकट वितरण से भितरघात और विरोध पनपना शुरू होने लगा है उससे भाजपा के मंसूबे पूरे होते नहीं दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कई जगह पर ऐसे उम्मीदवार तय किए हैं जहां से उम्मीदवार या तो लड़ना नहीं चाहता था या फिर उस विधानसभा पर कांग्रेस के कई पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेताओं का एकाधिकार है और जहां दूसरी लाइन का नेता पैदा ही नहीं होने देते। या फिर कई सीटें ऐसी भी हैं जहां लोकसभा में कांग्रेस का नेता भले हार गया हो पर वोटर वहाँ से नेता के बेटे या बेटी को जिताने के मूड में नहीं। इसके साथ ही भाजपा में जिन नेताओं पर पार्टी भरोसा जता रही है वे ही सुरक्षित सीट तलाश रहे हों तो भाजपा के सत्ता में वापिसी की संभावनाओं को समझा जा सकता है। सिर्फ. नई दिल्ली विधानसभा की बात करो तो यह सीट दिल्ली की सबसे हाई प्रोफाइल सीट मानी जाती है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वः शीला दीक्षित की यह पारंपरिक सीट रही है पर 2013 से लगातार तीन बार से आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल लगातार जीत रहे हैं। कांग्रेस ने यहाँ से शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को टिकट दी है । अब कौन जीतता है यह बाद की बात रही पर संदीप दीक्षित के आने से चुनाव दिलचस्प जरूर बनता जा रहा है।

आप के सामने संदीप को उतार मुखर हुई कांग्रेस

पहले कांग्रेस के सहयोग से सरकार बनाने और फिर उसी को शिकस्त देने वाली वाली आम आदमी पाटी के सामने फिर कांग्रेस है। और इस बार आप को चेलेंज देने के लिए कांग्रेस ने शिकस्त खाई मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप को मैदान में उतारा है। चुनाव शीला के दिल्ली में किए गए विकास कार्यों के बूते लड़ा जाना है। पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को नई दिल्ली से उतारने का संदेश है कि कांग्रेस पूरी ताकत से चुनाव लड़ने जा रही है। यह अलग बात है कि कांग्रेस पिछले छह महीने से सीएम चेहरे की तलाश में थी पर शायद उसे कोई दमदार नेता नहीं मिला और आखिर में संदीप पर दांव लगाने को मजबूर होना पड़ा। सवाल यही है कि क्या संदीप अरविंद केजरीवाल को चुनौती दे पाएँगे ? या फिर इसे कांग्रेस की मजबूरी समझी जाएगी। हांलाकि संदीप कह रहे हैं कि वे अभी नई दिल्ली से ही कांग्रेस का चेहरा हैं पर हाँ एक पूर्व सीएम के खिलाफ चुनाव लड़ रहा हूँ,सवाल तो पूछूँगा ही। पर सवाल यह भी आना है कि क्या अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से चुनाव लड़ रहे हैं ? या फिर पत्नी मैदान में होंगी। 2013 में केजरीवाल ने मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को हराया था, और फिर कांग्रेस के सपोर्ट से ही सरकार बनाई। अब फिर बाजी चुनौती की हैङ्क.एक पूर्व मुख्यमंत्री को पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे की। 2015 में केजरीवाल के खिलाफ कांग्रेस ने किरण वालिया को उतारा था वे तीसरे नंबर पर आईं। 2020 में रमेश सब्बल वाल को लेकिन उनका भी यही हाल रहा। अब देखना है कि संदीप क्या कुछ कर पाते हैं। यूँ संदीप शुरू से ही केजरीवाल या फिर आप के खिलाफ रहे हैं। माँ शीला की तर्ज.पर कभी आप के साथ गठबंधन के समर्थन में नहीं रहे। शायद और कोई नेता भी नहीं ।मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने तो पहले ही मना कर दिया था। जबकि पूर्व अध्यक्ष अरविन्दर लवली ने तो गठबंधन के खिलाफ न सिर्फ. इस्तीफा दिया बल्कि कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। अब चर्चा तो यह भी चल रही कि भाजपा आप पार्टी के खिलाफ सीएम चेहरे को लेकर मजबूत चेहरा तलाश रही है। और इसी लिए वह अभी तक अपने उम्मीदवार घोषित नहीं कर पाई है। अब पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को चेहरा बनाया जाता है या फिर पार्टी पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा,या किसी दूसरे को यह बात दूसरी है पर कांग्रेस को राहत होगी कि भाजपा परिवारवाद का मुद्दा नहीं उठा सकेगी।

केजरीवाल के अगले दांव में कितना दम

हर चुनाव में अपने दांव से चुनाव जीतते रहे अरविंद केजरीवाल ने इस बार फिर दांव चला है। इस बार यह दांव महिला मतदाताओं को एक हजार रूपए हर महीने देने का है। पानी बिजली और बसों में फ्री यात्रा करने की सौगात ले रहीं महिलाओं पर कितना असर पड़ता है भाजपा और कांग्रेस इससे चिंतित हैं। ऐसा नहीं है कि आप पार्टी या केजरीवाल पहली बार वोटरों को वोट के लिए लालच दिया जा रहा हो ।पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने भी वोट हासिल करने के इरादे से 15 -15 लाख रुपए गरीबों के खातों में देने की बात कही थी भाजपा चुनाव जीती पर रूपए खाते में डालने के वायदे को बाद में चुनावी जुमला करार दे दिया गया। अब चुनावी दौर में केजरीवाल का महिलाओं को एक हजार रुपए देने का वादा इस बार चुनाव में क्या असर डालता इंतजार की बात है। पर यह जरूर है कि गरीब घरों की महिलाएँ केजरीवाल की इस घोषणा से खुश जरूर बताई जा रही हैं। हांलाकि पंजाब में भी आप सरकार ने महिलाओं को 1000 रुपए देने की जगह अब 2100 करने की घोषणा की है। और वो भी जल्दी ही। ताकि महिलाओं के साथ शांति स्थापित की जा सके। और दो साल पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी को इसका लाभ भी मिल सके। पर भाजपाईयों को केजरीवाल या मान सरकार पर भरोसा नहीं है उन्हें जनता के साथ यह छलावा दिख रहा है। अब सवाल यही है कि दिल्ली की महिलाओं आप पार्टी का यह प्रस्ताव मंजूर करेंगीं या फिर भाजपा और कांग्रेस इसके खिलाफ शोर शराबा कर उन्हें गुमराह कर राजनीति कर फायदा लेंगी। हालांकि महिलाओं के पास केजरीवाल को वोट देने या नहीं देने का मन बनाने के लिये करीब दो महीने हैं।

बालाजी महाराज की कृपा से और अपने तपोबल से लाखों भक्तों के कष्ट हरे .....

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

भक्तों के कष्ट हरने वाले सुख समृद्धि का मार्ग प्रदान करने वाले परम तपस्वी संत थे पं राम गोपाल शर्मा अलवर वाले बाबा हरिद्वार 16 दिसंबर 2024(वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर मनोजानन्द) श्यामपुर स्थित श्री श्याम वैकुंठ धाम में भक्तजनों के बीच अपने श्री मुख से उद्गार व्यक्त करते हुए आश्रम के श्री महंत परमाध्यक्ष श्यामसुंदर दास जी महाराज ने कहा परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम गोपाल शर्मा (अलवर वाले बाबा) ने बालाजी महाराज की कृपा से और अपने तपोबल से लाखों भक्तों के कष्ट हरे आज भी उनके ज्ञान और तपोबल का दिव्य प्रताप श्री बालाजी दरबार सभापुर में दिल्ली में तथा श्याम वैकुंठ धाम श्यामपुर हरिद्वार में व परम पूज्य गुरुदेव द्वारा स्थापित अन्य स्थानों में देखने के लिए मिलता है जहां लाखों श्रद्धालु भक्तजन प्रतिवर्ष अपने कष्ट दुख दर्द व समस्या दूर करने हेतु बाबा जी के श्री चरणों में अर्जी लगाने आते हैं और बालाजी महाराज की कृपा से उनके सभी दुख दर्द कष्ट क्षण भर में दूर हो जाते हैं आज भी अलवर वाले बाबा की जय जयकार करते हुए उनके दर से लोग अपने गंतव्य की ओर हंसते गाते जाते हैं कहने का तात्पर्य यह हैकी मनुष्य को सतगुरु के बतायें मार्ग पर चलना चाहिये मनुष्य के मन में बसा अहंकार पैर में लगे कांटे के सामान है अगर पैर में लगे कांटे को निकाल दिया जाये तो जो मजा पैर से कांटे के निकलने के बाद चलने में आता है वही मजा मनुष्य के मन मस्तिष्क में बसे अहंकार के समाप्त होने के बाद जीवन जीने में आता है अहंकार बुद्धि को हर लेता है खुद के लिए भी कष्टदाई होता है और दूसरों के लिए भी वह बांधा उत्पन्न करी व कष्टकारी होताहै मनुष्य अगर अपने जीवन में उन्नति के लिए आज कोई मार्ग चुनता है तो कल उसे कामयाबी भी अवश्य मिल जाती है हौसलों से भारी यह कोशिश उसके जीवन में एक दिन कामयाबी एवं खुशियों का रंग भर देती है किंतु अगर आपका स्वाभिमान को कोई चुनौती दे रहा है आपका स्वाभिमान अगर किसी को अभिमान लग रहा है तो उसे बिल्कुल लगने दीजिए लेकिन अपने स्वाभिमान से समझौता मत कीजिए जब भी किसी की बात सुने तो केवल बात ही सुने उसके द्वारा कही गई अनर्गल बातें व उसकी बातों का जो भाग आपको पसंद ना हो उसका त्याग उसी समय कर दें उन बातों को अपने जीवन में कहीं भी स्थान न दें क्योंकि दुनिया का काम है कहना किंतु यह मनुष्य को खुद तय करना होता है कि उसे क्या करना है जीवन में जब मनुष्य अपना जीवन शुरू करता है तो माना की सफर में कोहरा बहुत है रास्ता खराब है गड्ढे बहुत है किंतु उन्हें देखकर हमें जीवन में पीछे कदम नहीं हटाना है क्योंकि जब रास्ते की ओर हमारे कदम बढ़ाते हैं तो रास्ता हमें खुद पर खुद दिखाई देने लगता है मंजिल भले ही दूर हो किंतु जब चलते रहेंगे तो एक दिन अपनी कामयाबी की मंजिल को छू लेंगे कहने का मतलब यह है के संगत हमेशा अच्छी करो अपने से अधिक उम्र के लोगों के बीच अवश्य बैठे उनके बीच बैठकर अपने विचारों का आदान-प्रदान करें वहां बहस बाजी या अपने विचारों को सिद्ध करने का प्रयास न करें केवल सुने इससे आपको उनके जीवन में प्राप्त किए गये तजुर्बे की प्राप्ति होगी जो समय उन्होंने उस तजुर्बे को प्राप्त करने में खराब किया है वह समय आपका बचेगा अच्छी सोच और अच्छी सीख मिलेगी गलत अशिक्षित मूर्ख लोगों के पास बैठने से आपका जीवन अंधकार मय हो सकता है क्योंकि जो खुद सीधे रास्ते पर नहीं है वह आपको क्या मार्ग दिखा सकते हैं

वजूद पर अफसोस जाहिर करेगा बांग्लादेश

पूर्वी मोर्चे पर गंगासागर में पाक फौज की मजबूत किलेबंदी पर भारतीय सेना की 14 गाड्र्स बटालियन ने तीन दिसंबर 1971 को जोरदार हमला करके कई पाक सैनिकों को हलाक करके गंगासागर पर कब्जा कर लिया था। गंगासागर की जंग में पाक फौज की मोचार्बंदी को ध्वस्त करने में अहम किरदार अदा करके सर्वोच्च बलिदान देने वाले लांस नायक अल्बर्ट एक्का को सेना ने परमवीर चक्र (मरणोपरांत) से अलंकृत किया था। गंगासागर की उसी जंग में अदम्य साहस का परिचय देने वाले 14 गाड्र्स के मेजर अशोक कुमार तारा को वीर चक्र से नवाजा गया था। भारतीय सेना के जोरदार पलटवार से पाक सेना युद्ध के 13वें दिन मफलूज होकर घुटनों के बल बैठ चुकी थी। पूर्वी पाक के कमांडर आमिर अब्दुल्ला खान नियाजी ने 16 दिसंबर 1971 को रामना रेसकोर्स मैदान में आत्मसमर्पण के दस्तावेज पर दस्तख्त कर दिए थे।

–प्रताप सिंह पटियाल–

चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर, आखिर कटेगा खरबूजा ही। भारतीय सैनिकों की कुर्बानियों से वजूद में आए मुल्क बांग्लादेश पर यह प्रसंग सटीक बैठ रहा है। बांग्लादेश सन् 1971 से पूर्व पाकिस्तान का हिस्सा था। बांग्लादेश की साबिक वजीरे आजम शेख हसीना के परिवार तथा बांग्ला आवाम के प्रति पाक सेना का रवैया बेहद हिकारत भरा रहा है। दिसंबर 1970 में पाकिस्तान में हुए आम चुनावों में शेख हसीना के वालिद शेख मुजीबुर्रहमान की पार्टी अवामी लीग ने प्रचंड जीत हासिल की थी। उस इंतखाबी जीत के लिए बांग्ला अखबार दैनिक इत्तिफाक ने शेख मुजीब को शेर-ए-पाकिस्तान के रूप में पेश कर दिया। शेख मुजीब की प्रचंड इंतखाबी जीत तथा दैनिक इत्तिफाक अखबार की कारकर्दगी पाक सैन्य हुक्मरानों को नागवार गुजरी। सात मार्च 1971 को शेख मुजीब ने ऐलान कर दिया था कि यदि पाक सेना जनादेश का एहतराम नहीं करेगी तो आवाम पूर्वी पाक को अपना अलग बांग्ला मुल्क बनाएगी। 25 मार्च 1971 को पूर्वी पाक के सिपहसालार टिक्का खान ने आपरेशन सर्च लाइट का ऐलान करके बांग्ला लोगों की कत्लोगारत का सिलसिला शुरू करके दैनिक इत्तिफाक का दफ्तर भी जला दिया। पाक सेना के तशद्दुद से आक्रोषित होकर शेख मुजीब ने बांग्लादेश की आजादी की घोषणा कर दी। 26 मार्च 1971 को पाक सेना ने शेख मुजीब को हिरासत में लेकर पाकिस्तान की फैसलाबाद जेल में भेज दिया। याहिया खान की सैन्य हुकूमत ने अपने जरनैल रहीमुद्दीन खान को शेख मुजीब के ट्रायल की कमान सौंपी। पाक सैन्य अदालत ने शेख मुजीबुर्रहमान को फांसी की सजा सुना दी थी। लेकिन तीन दिसंबर 1971 को पाकिस्तान ने भारत पर हमला करके एक जहालत भरी गुस्ताखी को अंजाम दे दिया। पूर्वी मोर्चे पर गंगासागर में पाक फौज की मजबूत किलेबंदी पर भारतीय सेना की 14 गाड्र्स बटालियन ने तीन दिसंबर 1971 को जोरदार हमला करके कई पाक सैनिकों को हलाक करके गंगासागर पर कब्जा कर लिया था। गंगासागर की जंग में पाक फौज की मोचार्बंदी को ध्वस्त करने में अहम किरदार अदा करके सर्वोच्च बलिदान देने वाले लांस नायक अल्बर्ट एक्का को सेना ने परमवीर चक्र (मरणोपरांत) से अलंकृत किया था। गंगासागर की उसी जंग में अदम्य साहस का परिचय देने वाले 14 गाड्र्स के मेजर अशोक कुमार तारा को वीर चक्र से नवाजा गया था। भारतीय सेना के जोरदार पलटवार से पाक सेना युद्ध के 13वें दिन मफलूज होकर घुटनों के बल बैठ चुकी थी। पूर्वी पाक के कमांडर आमिर अब्दुल्ला खान नियाजी ने 16 दिसंबर 1971 को रामना रेसकोर्स मैदान में आत्मसमर्पण के दस्तावेज पर दस्तख्त कर दिए थे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को तकसीम करके पूर्वी पाक को बांग्लादेश में तब्दील कर दिया था। बांग्ला आवाम जश्न-ए-आजादी के खुमार में डूब चुकी थी। गंगासागर युद्ध की जीत के बाद मेजर अशोक तारा अपनी कंपनी के साथ ढाका हवाई अड्डे की सुरक्षा में तैनात थे। मगर ढाका के धानमंडी कस्बे में शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी शेख हसीना सहित उनके पूरे परिवार को एक पाक सैन्य दस्ता हिरासत में ले चुका था। उस मुश्किल वक्त में 17 दिसंबर 1971 को 14 गाड्र्स के मेजर अशोक तारा ने मात्र दो सैनिकों के साथ जोखिम भरे सैन्य मिशन को अंजाम देकर शेख मुजीब के घर को घेर चुके पाक सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करके शेख हसीना सहित बंग बंधु मुजीबुर्रहमान के पूरे परिवार को महफूज बचा लिया था। भारतीय सेना के खौफनाक हमलों से सदमे में जा चुकी पाक सैन्य हुकूमत ने सात जनवरी 1972 को शेख मुजीबुर्रहमान को पाकिस्तान की मियांवाली जेल से रिहा कर दिया। शेख मुजीब ने रावलपिंडी के चकलाला हवाई अड्डे से लंदन के लिए परवाज पकड़ी। नौ जनवरी 1971 को ढाका वापसी पर शेख मुजीब कुछ वक्त के लिए नई दिल्ली में रुके। भारत की तत्कालीन हुकूमत ने शेख मुजीब का इस्तकबाल किया। बांग्लादेश पहुंचने पर शेख मुजीब ने रामना रेसकोर्स मैदान में बांग्ला आवाम से मुखातिब होकर एक मखसूस अंदाज में रविंद्रनाथ टैगोर को भी याद किया। शेख मुजीब ने अशोक तारा को भी अपने घर बुलाकर सम्मानित किया था। सन् 2012 में बांग्लादेश की वजीरे आजम रहते शेख हसीना ने कर्नल अशोक तारा को फ्रेंड्स ऑफ बांग्लादेश लिबरेशन वॉर अवार्ड से नवाजा था। 17 अप्रैल 1971 को शेख मुजीब बांग्लादेश के वजीरे आजम बने। मगर बांग्लादेश की सेना ने 15 अगस्त 1975 को शेख मुजीबुर्रहमान को उनके परिवार के 17 सदस्यों सहित हलाक करके दुनिया को अपना असली चेहरा दिखा दिया था। गनीमत यह रही कि शेख हसीना व उनकी बहन शेख रिहाना उस वक्त जर्मनी में थीं। उस मुश्किल दौर में शेख हसीना को अगस्त 1975 से लेकर मई 1981 तक भारत ने ही शरण दी थी। सन् 2009 में शेख हसीना के दौरे हुकूमत में बांग्लादेश राइफल्स की खूनी बगावत भी भारतीय सेना के खौफ से ही शांत हुई थी। गत पांच अगस्त 2024 के तख्तापलट के बाद बेदखल हुई शेख हसीना के लिए भारत एक बार फिर देवदूत बना है। दरअसल भारत से शेख हसीना का मैत्रीभाव तथा सन् 1971 युद्ध के आत्मसमर्पण की तजलील करने वाली तस्वीरों ने पाक हुक्मरानों का अमन चैन चुरा लिया है। सुपुर्दे ढाका की जिल्लत भरी तारीख पर पाकिस्तान की पुश्तें पाक सेना को एक मुद्दत से कोस रही हैं। लेकिन मौजूदा हालात के मद्देनजर बांग्लादेश का अल्पसंख्यक समुदाय अपनी सुरक्षा के लिए एक बार फिर भारत से मोहताज है। इनसानियत मजहबी दहशत के हाथों जबह हो रही है। अतः बांग्लादेश को सख्त लहजे में पैगाम नसर करना होगा। भारतीय सेना सरहदों की बंदिशों को तोडकर 16 दिसंबर 1971 का सुपुर्दे ढाका का इतिहास दोहराने में गुरेज नहीं करेगी। बशर्ते हिंदोस्तान का सियासी नेतृत्व इच्छाशक्ति दिखाए, तो बांग्लादेश अपने वजूद पर अफसोस जाहिर करेगा। 1971 युद्ध के शहीदों को राष्ट्र नमन करता है।

(स्वतंत्र लेखक)

ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती की प्रेरणा से हरिद्वार में पर्यावरण संरक्षण की अनोखी पहल: मेडिकल स्टोर्स के बाहर पेड़ लगाने का अभियान

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार जिले में ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती की अपील पर एक नई और सराहनीय पहल शुरू हुई है। मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपने स्टोर्स के बाहर पेड़ लगाने की शुरूआत की है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने हरिद्वार जिले में मेडिकल स्टोर संचालकों को अपने स्टोर्स के बाहर पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि हर व्यक्ति के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वे अपने आसपास हरियाली बनाए रखें। अनीता भारती के इस संदेश का सकारात्मक असर हुआ है, और अब जिले भर में मेडिकल स्टोर संचालक अपने स्टोर्स के बाहर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं।इस पहल के तहत ड्रग इंस्पेक्टर समय-समय पर संचालकों के साथ बैठकें करती हैं, जिनमें सफाई और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा होती है। इन बैठकों में मेडिकल स्टोर्स को साफ-सुथरा रखने और उनके बाहर एक पेड़ अवश्य लगाने की अपील की जाती है। संचालकों ने इस प्रयास को सराहा है और इसे एक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार किया है। स्थानीय लोग और मेडिकल स्टोर संचालक इस अभियान की सराहना कर रहे हैं। उनका मानना है कि इससे न केवल पर्यावरण को फायदा होगा, बल्कि हरिद्वार की खूबसूरती भी बढ़ेगी। यह पहल एक उदाहरण है कि कैसे छोटे-छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं।

हरिद्वार पहुंचने पर प्रदेश महामंत्री प्रशांत कुमार का किया स्वागत

एचआरडीए सभागार में किया गया स्वागत समारोह का आयोजन

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड विकास प्राधिकरण अधिकारी /कर्मचारी संयुक्त संगठन के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री प्रशांत कुमार सेमवाल का हरिद्वार पहुंचने पर एचआरडीए के अधिकारियों और कर्मचारियों ने फूल मालाएं पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य रूप से स्वागत किया। एच.आर.डीए सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संगठन के माध्यम से समस्याओं को उठाते हुए उनके समाधान का भी अनुरोध किया। उत्तराखंड विकास प्राधिकरण अधिकारी/ कर्मचारी संयुक्त संगठन का द्विवार्षिक अधिवेशन में निर्विरोध प्रदेश महामंत्री के पद पर प्रशांत कुमार सेमवाल को सर्वसम्मति से चुना गया है। इसके बाद वह सोमवार को हरिद्वार पहुंचे। यहां हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण कार्यालय के सभागार में स्वागत समारोह कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री का स्वागत किया गया। इसके बाद औपचारिक तौर पर बैठकर कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। डीएस रावत ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारियों को संगठन के माध्यम से एक मंच प्रदान होता है। जिसके जरिये वह अपनी समस्याएं और कुछ बातें आगे तक पहुंचाने का काम करते हैं। अभिनव रावत ने कहा कि अच्छा नेतृत्व ही सबको न्याय दिलाता है। प्रदेश महामंत्री प्रशांत सेमवाल पूर्व में डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के प्रदेश अध्यक्ष रहे है। उनके अनुभव का लाभ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलेगा। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता उमापति भट्ट, नारायण किशोर, महेशानंद गॉड, ब्रजेश उपाध्याय, आकाश, संदीप उनियाल, कमलेश, शुभम सेमवाल, शबाना, रिया सैनी, कृतिका, अभिजीत सैनी, आलोक नौटियाल, नीरज भट्ट, सुरेश कुमार, अनंत गैरोला, हिमांशु कोरी, शाहिद, मंयक सैनी, शुभम सैनी, सौरभ रावत, रघुवीर सिंह रावत, अमित चौहान, प्रखर अग्रवाल, जितेंद्र सिंह, मनवर नेगी, नंदन सिंह, किशन यादव, शुभम सैनी आदि उपस्थित रहे।

बैंक्वेट हॉल में ज्वालापुर क्षेत्र से कांग्रेस के निवर्तमान पार्षदों, कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने बैठक का आयोजन

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार/ नगर निगम चुनाव में मेयर सीट ओबीसी महिला आरक्षित होने के बाद ओबीसी समाज के नेता सक्रिय हो गए। इसी क्रम में ज्वालापुर धीरवाली स्थित बैंक्वेट हॉल में ज्वालापुर क्षेत्र से कांग्रेस के निवर्तमान पार्षदों, कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने ज्वालापुर क्षेत्र से मेयर प्रत्याशी बनाने की मांग उठाई। सभी ने एकमत होकर युवा नेता वरुण बालियान के परिवार के सदस्य को टिकट देने पर सहमति जताई। इस दौरान पूर्व विधायक अमरीश कुमार की धर्मपत्नी डॉ प्रतिमा ने कहा कि ज्वालापुर क्षेत्र के विकास के लिए मेयर भी ज्वालापुर क्षेत्र से होना चाहिए। शिवालिकनगर नगर पालिका बना और उसका विकास हुआ जबकि ज्वालापुर शिवालिकनगर से पुराना क्षेत्र है। ज्वालापुर के साथ भेदभाव होता है। पूर्व राज्यमंत्री नईम कुरेशी और हाजी इरफान ने कहा कि सभी एकजुट होकर कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी को जिताएंगे। ज्वालापुर क्षेत्र ने पिछले चुनाव में भी सबसे अधिक वोट देकर कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी को जिताया। एक एक वोट कीमती है। जो जिताऊ प्रत्याशी है उसको टिकट मिलना चाहिए। तीर्थपाल रवि, अरविंद चंचल ने कहा कि ज्वालापुर ने समर्पण भाव से कांग्रेस को अधिक से अधिक वोट दिया है। पार्टी जिसको भी प्रत्याशी बनाएगी सोच समझ कर बनाएगी। ज्वालापुर की आवाज शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचनी चाहिए। निवर्तमान पार्षद इसरार सलमानी और सोहेल कुरेशी ने कहा कि पूर्व विधायक अमरीश कुमार ने ज्वालापुर की आवाज को समय समय पर उठाया था। वैसा ही नेता अब चाहिए। युवा नेता वरुण बालियान उसी मार्ग पर चलते हैं। एकजुट होकर ज्वालापुर के युवा नेता वरुण बालियान के परिवार से किसी को प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए। अमरीश कुमार के सपनों को वरुण बालियान पूरा कर सकता है। ब्लॉक अध्यक्ष अंकित चौहान, पप्पू वाल्मीकि ने कहा कि ज्वालापुर क्षेत्र भाईचारे का क्षेत्र है। आज ज्वालापुर को अमरीश कुमार की बहुत आवश्यकता है उनकी कमी वरुण बालियान का परिवार पूरी कर सकता है। वरुण बालियान ने कहा कि संगठन अवसर देगा तो संगठन को निराश नहीं किया जाएगा।

जिसको भी संगठन प्रत्याशी बनाएगा उसको पूरा समर्थन रहेगा। बीजेपी धर्म के नाम पर तोड़ रही है जिसका जवाब वोट के माध्यम से देना होगा। युवाओं में नशाखोरी बढ़ रही है और सरकार इस पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद जफर अब्बासी, सुभान कुरेशी, सद्दीक गाड़ा, तासीन अंसारी, मन्नू रियाज, पुनीत कुमार, शहाबुद्दीन अंसारी, शौकत, इरफान कुरेशी, मेहंदी राम, नूर आलम, अहसान अंसारी, नाहिद कुरेशी, सन्नी शर्मा, रेखा गुप्ता, भरत कुमार, सुनील चौधरी, अकरम शाह, जावेद खान, यशपाल सिंह, विकास सिंह, प्रहलाद चौहान, सरफराज अंसारी, हरजीत सिंह, सगीर अंसारी, इकबाल अहमद, अज्जू, राजू, अनिल सैनी, विंदेश गुप्ता, राकेश, चांद खान आदि उपस्थित थे।

हरिद्वार एवं देहरादून के फायर यूनिटों की संयुक्त कार्रवाई से बांग्ला पॉलीमिक्स कंपनी मंगलौर में लगी भीषण आग पर पाया काबू

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वाररात्रि समय 21:16 पर फायर स्टेशन को भीषण आग की सूचना के आधार पर फायर यूनिट रुड़की एवं फायर यूनिट मंगलौर त्वरित कार्यवाही करते हुए BAGLA POLIMIXE COMPANY LTD इंडस्ट्री एरिया मंगलौर पहुंचे।

कम्पनी में लगी भीषण आग की लपटे आसमान छु रही थी, फायर यूनिटों द्वारा आग को बुझाना शुरू किया आग की विभिषणता को देखते हुए मौके पर मौजूद प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा जनपद के अन्य फायर स्टेशन से फायर यूनिटो को मंगवाया गया व घटना के संबंध में उच्च अधिकारियों को भी जानकारी दी गई।

कुछ ही घंटों के भीतर हरिद्वार से 07 फायर टेंडर व देहरादून से 03 फायर टेंडर घटना स्थल पर पहुँचें लगभग 15 घण्टे की कड़ी मेहनत लगन से अथक प्रयास से आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया एवं आसपास स्थित कंपनियों को भी जलने से बचाया। फायर यूनिटों कि तत्काल एवं सतर्कतापूर्ण कार्रवाई से अरबों रुपयों की कंपनीयों को जलने एंव राष्ट्र की संपत्ति जनहानि को रोका गया।

स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु चिन्हित आंदोलनकारी की अहम भूमिका

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार उत्तराखंड में स्वरोजगार को बढ़ावा ,देव भूमि उत्तराखंड के संस्कृति संरक्षण और संवर्धन में राज्य निर्माण सेनानियों ,चिन्हित आंदोलनकारी की भूमिका उत्तराखंड राज्य निर्माण करने वाले आंदोलनकारी को राज्य निर्माण सेनानी का दर्जा, राज्य के सर्वांगीण विकास में राज्य निर्माण सेनानियों व नागरिकों की भूमिका उपरोक्त सभी विषयों पर चर्चा

माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार से तत्काल उद्घोषणा हेतु प्रार्थना उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी ने राज्य अतिथि गृह में एक बैठक कीउश उसमें इन सभी विषयों पर चर्चा की गई अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रावत ने कहा मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार जल्द से जल्द उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी को राज्य निर्माण सेनानी का दर्जा दे उसी के अनुरूप लाभ व सम्मान दें

महेश गॉड जी ने उत्तराखंड राज्य अआन्दोलनकारियों को 10 परसेंट क्षैतिजआरक्षण देने पर सरकार का मंच से धन्यवाद किया महिमानंद भट्ट ने कहा उत्तराखंड सरकार सभी को एक समान पेंशन दे टीकाराम मैथुरि ने कहा सुझाव मांग पत्र बनाकर मुख्यमंत्री जी से मिल जाए एसपी गॉड ने कहा पदों पर बैठे सभी अधिकारी राज्य आंदोलनकारी की पीड़ा को सुनने को राजी ही नहीं है जिस राजा आन्दोलनकारियों के मन में बहुत पीड़ा है

मुख्यमंत्री प्रतिनिधि आदित्य कोठारी जी ने सर्वप्रथम शहीदों को नमन किया उत्तराखंड बनाने के लिए कई विभिन्न जानकारियां दी

उन्होनेआश्वास किया जल्द ही मुख्यमंत्री के साथ बैठकर वार्ता की जाएगी बैठक में शामिल होने वालों में विजय भंडारी राजेंद्र सिंह रावत सुभाष परिहार कलम सिंह राणा एसपी गोद धर्मपाल भारती कमला पांडे कमल जोशी महेश्वर आनंद सिंह नेगी नरेंद्र सिंह गोसाई जगदीश सिंह भूपेंद्र भंडारी सुधीर बंसल ताराचंद राज कपूर डॉक्टर राजेंद्र कुक्सल सुशील पुरोहित विजय सती डॉ विपिन जोशी विजय भट्ट सुधा बिष्ट भुवन चंद गोविंद लीला नौटियाल शकुंतला राणा आदि उपस्थित रहे

जिला कार्यालय सभागार में विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार, सैनिक कल्याण की ओर से सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, वीरनारियों तथा पूर्व सैनिकों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि एवं जनपद पुलिस द्वारा गार्ड आफ आनर देकर व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने पूर्व सैनिकों को शॉल ओढ़कर सम्मानित किया। डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सेना ने पाकिस्तान सेना को घुटने के बल आने को मजबूर कर दिया था। 1971 में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना के सामने समर्पण किया था और एक नए राष्ट्र बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। हमारे शहीदों का बलिदान किसी भी दशा में व्यर्थ नहीं जाना चाहिए, एक सुरक्षित राष्ट्र निर्माण के स्वप्न साकार करने के लिए हम सब की जिम्मेदारी है कि सब मिलकर उस सपने को पूरा करें। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक और उनके परिवारों ने जो कुबार्नी दी है, देश सेवा में जो समय दिया है, उस सब की बदौलत ही हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। जब देश की सीमाएं सुरक्षित होती हैं तभी देश के अंदर शांति और समृद्धि होती है, अगर बॉर्डर में अशांति होती है तो देश में भी अशांति होती है, ना आर्थिक ना सामाजिक और ना राजनीतिक तरक्की होती है। उन्होंने कहा कि हर प्रकार की स्थिरता, शांति, समृद्धि के लिए सीमाओं का सुरक्षित रहना जरूरी है और यह सारा सैनिकों के माध्यम से होता है, क्योंकि आप लोगों का अमूल्य समय राष्ट्र निर्माण के लिए सबसे बड़ा योगदान है, जिसकी वजह से सीमाएं सुरक्षित हैं तथा पूरे राष्ट्र के अन्दर नव निर्माण संभव होता है। उन्होंने कहा कि हमारी नई पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरने के लिए एनसीसी सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविय हैं और इनसे ही राष्ट्र मजबूत होगा। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी बच्चों तथा व्यक्तियों को बधाई दी। कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमाडर डा० सरिता पवॉर (अ०प्रा०) द्वारा समस्त पूर्व सैनिक, वीरनारियों, आश्रितों व जनपद के समस्त गणमान्य नागरिको का स्वागत करते हुये विजय दिवस के इतिहास एवं सैनिक कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की गयी। समारोह में 31 यू०के एन०सी०सी कैडट्स द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया तथा मुख्य अतिथि महोदय द्वारा जनपद की वीरनारियों, वीरता पदक प्राप्त पूर्व सैनिकों व 1971 के भारत-पाक युद्ध के समय सेवारत सैनिकों को शाल भेट कर सम्मानित किया गया साथ ही एन०सी०सी कैडट्स को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, विंग कमांडर डॉ. सरिता पंवार, ने अपने संबोधन में 1971 के युद्ध में भारतीय सैन्य बलों की वीरता और शौर्य पर प्रकाश डाला और नागरिकों से सैनिकों के बलिदान को हमेशा याद रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अन्त में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर डा० सरिता पंवार (अ०प्रा०) ने समारोह में उपस्थित सभी पूर्व अधिकारी एवं वीरनारियों व पूर्व सैनिकों को धन्यवाद ज्ञापित कर एवं राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन किया । इस दौरान एसएलओ लक्ष्मीराज चौहान, उप जिलाधिकारी अजयवीर सिंह, मुख्य वैयक्तिक अधिकारी सुदेश कुमार सहित पूर्व सैनिक एवं आश्रितों तथा वीरांगनाएं आदि उपस्थित थे।

छमाही निरीक्षण के लिए कोतवाली रानीपुर पहुंचे एएसपी सदर जितेन्द्र मेहरा

कोतवाली - रानीपुर
जनपद - हरिद्वार, उत्तराखण्ड

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार। एएसपी/सीओ सदर जितेन्द्र मेहरा अर्द्धवार्षिक निरीक्षण के लिए कोतवाली रानीपुर पहुंचे। सलामी गार्द से सलामी के पश्चात शुरू हुए निरीक्षण के दौरान श्री मेहरा द्वारा कार्यालय, मालखाना, बैरक, भोजनालय आदि स्थानों की व्यवस्थाओं को परखते हुए प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भण्डारी व अन्य सम्बन्धित को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक एवं अपर उप निरीक्षक से वार्ता करते हुए श्री मेहरा द्वारा विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ित को समय से न्याय दिलाने के लिए हमारे प्रयासों में कोई कमी नही रहनी चाहिए।

अन्त में थाना कर्मचारियों से वार्ता करते हुए श्री मेहरा द्वारा उनकी समस्याओं की जानकारी की गई व समस्या निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

इस दौरान एसएसआई मनोहर रावत, चौकी प्रभारी औधोगिक क्षेत्र विकास रावत, चौकी प्रभारी सुमन नगर अर्जुन सिंह, उप निरीक्षक देवेंद्र पाल, उप निरीक्षक अजीत डबराल, महिला उप निरीक्षक पूजा मेहरा, महिला उप निरीक्षक प्रियंका इसराल, अपर उप निरीक्षक सुबोध घिल्डियाल, अपर उप निरीक्षक अशोक कुमार, अपर उप निरीक्षक मोहन सिंह, हेड मोहर्रिर कुमपाल तोमर, कांस्टेबल क्लर्क रमेश रावत, कांस्टेबल क्लर्क अरुण कैंतुरा आदि कर्मचारी गण मौजूद रहे।

रुड़की पुलिस द्वारा जमीन धोखाधड़ी करने वाले 01आरोपी को धर दबोचा

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार। वादी मुमताज पुत्र स्व0 फतेह मोहम्मद निवासी ग्राम बिजौली कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार के द्वारा कोतवाली रुड़की पर आरोपी जोगिंदर पुत्र धर्म सिंह निवासी ढंडेरा आदि 07 नफर आरोपियों के विरुद्ध जमीन धोखाधड़ी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की के निर्देशन पर उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी के पुलिस टीम गठित की गई।

पुलिस टीम द्वारा दिनांक 15/12/2024 को 01 आरोपी जोगविंद्र पुत्र धर्म सिंह ढंडेरा कोठारी रुड़की जनपद हरिद्वार को आरोपी के मस्कन राज बिहार ढंडेरा से पकड़ा गया।

नाम पता आरोपी

1-जोगविन्दर पुत्र धर्म सिंह निवासी ढंडेरा कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार।

पुलिस टीम का नाम
1.उपनि0 चंद्र मोहन सिंह
2- कांस्टेबल रंगमोहन
3.कांस्टेबल अनिल चौहान

लक्सर पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार

मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

लक्सर पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसमें पुलिस टीम गठित की गई, गठित पुलिस टीम को 16 दिसंबर 2024 को सूचना मिली के सुलतानपुर क्षेत्र अंतर्गत कुछ लोग आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं। वहां पर पुलिस को भेजा गया, पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को काफी समझाने का प्रयास किया गया वह नहीं माने और एक दुसरे को मरने मारने पर उतारू हो गए, किसी संज्ञेय अपराध को दृष्टिगत रखते हुऐ दोनों व्यक्तियों को संबंधित धाराओं के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम साहिब पुत्र दिलशाद, निवासी सुलतानपुर वार्ड नंबर आठ कोतवाली लकसर, अखलाक पुत्र महबूब हसन निवासी वार्ड नंबर 14 सुलतानपुर लक्सर हरिद्वार, उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सुलतानपुर पुलिस चौकी प्रभारी लोकपाल परमार, कांस्टेबल हिमांशु चौधरी, शामिल रहे।

रुड़की के मंडावली गांव स्थित एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई

आग लगने से पूरी फैक्ट्री जलकर राख हो गई

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

रुड़कीः हरिद्वार जिले में मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के मंडावली गांव स्थित एक फैक्ट्री में अचानक आग लग गई. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. आग की लपटें देखकर क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई. वहीं फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई. सूचना पर पहुंची दंगल विभाग की टीम में कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. इस घटना में पूरी फैक्ट्री जलकर राख हो गई. बताया गया है कि फैक्ट्री के अंदर पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली पॉलीथिन के रोल बनाए जाते हैं.

जानकारी के मुताबिक मंगलौर के मंडावली गांव स्थित बांग्ला नाम की एक फैक्ट्री है और इस फैक्ट्री में पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली पॉलिथीन बनाई जाती है. बीती देर रात फैक्ट्री में कर्मचारी काम कर रहे थे, इसी दौरान फैक्ट्री में अचानक आग लग गई. आग लगने से कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई. वहीं कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग की लपटें आसमान की तरफ निकलने लगी. बताया गया है कि आग की लपटें कई किलोमीटर दूर से देखी जा रही थी और आसपास क्षेत्र में भी इस अग्निकांड से हड़कंप मच गया.

पुल निर्माण ना होने पर भाकियू ने खोला मोर्चा, ट्रैक्टर ट्रालियों से पुल बंद करने की दी चेतावनी

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

रुड़कीः हरिद्वार के रुड़की में पिछले दो साल से भारी वाहनों के लिए बंद सोलानी पुल को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने मोर्चा खोल दिया है. किसानों का कहना है कि अगर जल्द दूसरे पुल की व्यवस्था नहीं की गई तो किसान यूनियन ट्रैक्टर ट्रालियों से पुल को बंद कर देगी. दरअसल किसानों ने जनता और अभिभावकों की परेशानी को देखते हुए दूसरे पुल के निर्माण का मुद्दा उठाया है. क्योंकि दो दर्जन से ज्यादा स्कूल कॉलेज एनएच-58 पर हैं.

रुड़की के प्रशासनिक भवन में भाकियू रोड के बैनर तले किसान इकट्ठा हुए और उन्होंने हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर 2 साल से बंद पड़े सोलानी नदी के ऊपर बने पुल का मुद्दा उठाया. इस दौरान उन्होंने कहा कि इस पुल के बंद होने से तकरीबन 20 किलोमीटर का चक्कर काट कर बच्चों को स्कूल जाना पड़ रहा है. जिससे अभिभावकों पर आर्थिक दंड पड़ रहा है. उनका कहना है कि स्कूल कॉलेजों ने अपनी बस का किराया 500 से 700 रुपये बढ़ा दिया है. किसानों का कहना है कि आम जनता से लेकर उनको भी 20 किलोमीटर की दूरी करनी पड़ रही है, रोडवेज बस का किराया भी हरिद्वार से रुड़की आने के लिए 13 से 15 रुपए बढ़ा दिया गया है.

उन्होंने राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि इस ओर सरकार 2 साल से कोई ध्यान नहीं दे रही है. उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अब यह सब चलने वाला नहीं है, उन्होंने कहा कि किसान यूनियन और जनता अब पुल को पूरी तरह से बंद करेगी और इसकी जिम्मेदार उत्तराखंड सरकार होगी. उन्होंने कहा जिस प्रकार से आवाजाही के लिए रपटा बनाया गया था, जिसमें लाखों रुपए की बंदर बांट की गई, जो बरसात के समय बह गया था और फिर इस रपटे को फिर से बनाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि दूसरे पुल का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए

युवक युवतियों को रील बनाना पड़ा भारी बना रहे थे रील पुलिस ने भेज दिया जेल...

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

धनौरी गंगनहर में अर्धनग्न होकर अश्लील रील बनाने तथा नहर में कूदने के जानलेवा स्टंट करने वाले सिरफिरे गिरफ्तार,

चौकी धनौरी पर सूचना मिली कि कुछ युवक युवतिया इंस्टाग्राम रील्स के लिए धनौरी गंगनहर में लोहे के पुल में अर्धनग्न होकर अश्लील वीडियो बना रहे और एक दूसरे को नहर में धक्का देकर गिराने बचाने के कंटेंट बना रहे हैं जिस से एक ओर तो आने जाने वाला सभ्य समाज देखकर लज्जित हो रहा है दूसरी ओर नहर में कूदने के स्टंट से जान का जोखिम बना हुआ है सूचना पाकर चौकी प्रभारी धनौरी हेमदत्त भारद्वाज अपनी टीम के साथ मौके पर जाकर नहर में अश्लील एवं स्टंट करते हुए 3 युवक 2 युवतियों को पकड़ा गया , पूछताछ में उन्होंने बताया कि साहब इस प्रकार की अश्लील एवं स्टंट वाली रील में लाइक व व्यूज ज्यादा आते हैं और फॉलोवर्स जल्दी बढ़ते हैं, पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया।जनपद पुलिस की युवा वर्ग से अपील है कि सोशल मीडिया पर संयमित आचरण करें, सभ्य एवं मर्यादित वीडियो बनाएं, आग, नदी, खाई आदि से जानलेवा स्टंट न करें, भविष्य में इस प्रकार के कृत्य करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

डंपर की चपेट मेंआने से मजदूर की मौके पर मौत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

मिशन नेशनल न्यूज /शमशाद अहमद

भगवानपुर ओवरलोड वाहनों का कब्जा आजकल रोड पर इस कदर है कि आमजन का सड़क पर निकलना मुहाल है आए दिन कोई न कोई हादसा या हादसे का खतरा बना रहता है प्रशासन और परिवहन विभाग आँखें मूंदे सब कुछ नजरअंदाज कर रहा है जिसका नतीजा किसी मजदूर मासूम की जान तक चली जाती है ,दरअसल आज हरिद्वार जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के धीर माजरा गांव निवासी विकास पिता कलीराम घर से कंपनी अस आर अस मे मजदूरी करने के लिए निकला था जिसकी उम्र 21 वर्ष थी जैसे ही विकास भगवानपुर के करीब पहुंचा तो भगवानपुर बहादराबाद रोड पर सोलानी नदी के पुल के पास एक डंफर ने विकास और उसके साथी बाइक सवार को रौंद डाला विकास की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ,परिजनों में कोहराम मच गया और थाने में परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया परिजनों का कहना है कि ओवरलोड डंफर पैसे लेकर पुलिस और प्रशासन खुद चलवा रहा है इतना ही नहीं कई गंभीर आरोप मृतक के परिजनों ने लगाए इस मौके पर भूरा ग्राम प्रधान विपिन कुमार संजय कुमार नवीन कुमार सागर सुमित कुमार हितेश कुमार दीपक वीरेंद्र कुमार अमरपाल बिजेंदर सावेज दर र पाल सरवन कुमार सनोवर मलिक समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे

के वी इंटर कॉलेज लक्सर में 18 दिसम्बर को होगा छटवा निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

लक्सर पहाड़ परिवर्तन समिति द्वारा 18 दिसम्बर को छंटा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार को केवी इंटर कालेज के प्रांगण मे कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा । इस सम्मेलन में सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले सभी जोड़ों और उनके परिजन भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान जोड़ों ने सामूहिक विवाह से जुड़ी जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान परिवार जन शादी के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर उत्सुक दिखे और उन्होंने विवाह आयोजन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। गौरतलब है कि पिछले 3 साल के अन्तराल में खानपुर विधायक वरिष्ठ पत्रकार उमेश कुमार अब तक 501 कन्याओं की शादी अपने निजी खर्चे से कर चुके हैं जो बेहद ही सराहनीय है 18 दिसंबर दिन बुधवार को 101 कन्याओं की शादी की जाएगी कुल मिलाकर अब तक खानपुर विधायक व वरिष्ठ पत्रकार उमेश कुमार द्वारा 602 कन्याओं की शादी पूर्ण हो जाएगी

कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे पहाड़ परिवर्तन समिति की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया शर्मा खानपुर विधायक वरिष्ठ पत्रकार उमेश कुमार रजत कुशाग्र जोशी गुलशेर अली आदी ग्रामीण कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे

IG गढ़वाल का सख्त रुख: यातायात और ड्रग्स के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून-गढ़वाल रेंज के नव नियुक्त क्क्ष्राजीव स्वरूप ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में रेंज के सभी रढ और रस्ढ जुड़े रहे। बैठक में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर गहन चर्चा हुई। क्क्ष्ने ड्रग्स के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के मामलों में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्ति जब्त की जाए। साथ ही, पुलिसकर्मियों को एंटी-ड्रग ड्राइव के तहत विशेष अभियान चलाने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए।यातायात व्यवस्था को सुधारने पर जोर देते हुए क्क्ष्ने नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामलों में सख्त कार्रवाई करने को कहा। नाबालिगों के मामलों में उनके अभिभावकों पर भी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। क्क्ष्ने यातायात प्रबंधन और अपराध नियंत्रण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी और पुलिस अधिकारियों को जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देने को कहा।

दून पुलिस फिर बनी चैम्पियन

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

22 वीं प्रादेशिक/अन्तर्जनपदीय पुलिस/वाहिनी वॉलीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच जीतकर लगातार 11 वीं बार किया खिताब पर कब्जा।विजेता टीम ने एसएसपी देहरादून से शिष्टाचार भेंट कर प्रदान की विजेता ट्राफी।दून पुलिस कप्तान ने थपथपाई विजेता टीम की पीठ, भविष्य के लिए दी अपनी शुभकामनायें

दिनांक: 12-12-24 से 14-12-24 तक 40 वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार में आयोजित 22 वीं प्रादेशिक/अन्तर्जनपदीय पुलिस/वाहिनी वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तराखंड पुलिस के विभिन्न जनपदों/वाहिनी की कुल 18 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रतियोगिता में हे0कां0 ना0पु0 पकंज कुमार के नेतृत्व में स्वर्णिम प्रदर्शन दोहराते हुए जनपद देहरादून की वॉलीवाल टीम द्वारा फाइनल मैच में जनपद हरिद्वार की टीम को 03-02 हराकर चल बैजयन्ती ट्रॉफी पर लगातार 11 वीं बार कब्जा किया।

विजेता टीम द्वारा आज दिनांक: 16-12-24 को पुलिस कार्यालय देहरादून में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून से शिष्टाचार भेंट की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा पूरी टीम के स्वर्णिम प्रदर्शन पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य का कामना की, साथ ही टीम के सभी सदस्यों को कडी मेहनत कर भविष्य में भी इसी प्रकार के स्वर्णिम प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

01: टीम मैनेजर: अ0उ0नि0 विजय चौधरी
02: कां0 1581 ना0पु0 निशान्त वर्मा (टीम कोच)
03: टीम कैप्टन : हे0कां0 294 ना0पु0 पकंज कुमार
04: हे0कां0 94 स0पु0 हिमांशु
05: कां0 314 स0पु0 प्रशांत कुमार
06: कां0 121 स0पु0 विकास कुमार
07: कां0 126 स0पु0 अमित कुमार
08: कां0 455 ना0पु0 यशपाल पवांर

सौर ऊर्जा के स्रोत असीमित

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेंजर्स ग्राउण्ड देहरादून में ह्य उत्तराखण्ड के प्रथम सोलर मेले दो दिवसीय ह्यसौर कौथिगङ्क का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना और सोलर वाटर हीटर योजना के लाभार्थियों को अनुदान राशि के चेक प्रदान करने के साथ ही यूपीसीएल मुख्यालय में बनाई गई सौर ऊर्जा आधारित म्यूरल आर्ट का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री ने किया। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा जन जागरूकता के लिए चलाई जा रही सोलर वैन को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके माध्यम में आगामी सौ दिनों तक सोलर ऊर्जा से संबंधित विभिन्न जानकारी लोगों को दी जायेगी। साथ ही विभिन्न स्टॉल पर जाकर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे नवोन्मेषी प्रयोगों की जानकारी ली।

सौर कौथिग को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सौर समृद्ध उत्तराखंड अभियान के अंतर्गत आयोजित यह मेला ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और राज्य के सतत विकास की दिशा में एक विशिष्ट पहल है। मेले में सौर ऊर्जा से जुड़ी सभी योजनाओं, उनके लाभों और विभिन्न प्रकार के सौर ऊर्जा उत्पादों के बारे में जानकारी से लोग सौर ऊर्जा अपनाने को लेकर जागरुक होंगे। साथ ही सोर ऊर्जा को अपनाते हुए अपनाकर उत्तराखंड को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी अपना योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवाश्म आधारित ईंधन के स्रोत सीमित हैं। इनके प्रयोग द्वारा पर्यावरण को बहुत अधिक नुकसान पहुंचता है। सौर ऊर्जा के स्रोत असीमित हैं और ये हमारे पर्यावरण को संरक्षित रखने में भी अपना योगदान देते हैं। सौर ऊर्जा की इसी विशेषता को देखते हुए प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विभिन्न योजनाओं और अभियानों के माध्यम से देशभर में सौर ऊर्जा के प्रयोग को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2०3० तक सौर ऊर्जा के माध्यम से 1०० गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। साथ ही वर्ष 2०7० तक देश को कार्बन न्यूट्रल बनाने का लक्ष्य भी रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सौर उर्जा के प्रयोग को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। सौर ऊर्जा की अधिकतम परियोजनाओं को स्थापित करने के उद्देश्य से नई सौर ऊर्जा नीति लागू की गई है। राज्य के सभी शासकीय भवनों पर सोलर पावर प्लांट स्थापित किये जा रहे हैं। राज्य में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से 7० प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है। पी०एम० सूर्यघर योजना के तहत सोलर पावर प्लांट की स्थापना के लिए अभी तक करीब 11 हजार लाभार्थियों को 9० करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान दिया जा चुका है। घरेलू और गैर घरेलू उपभोक्ताओं हेतु सोलर वाटर हीटर संयत्र की स्थापना पर भी 3० से 5० प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के तहत सोलर पावर प्लांट की स्थापना के माध्यम से राज्य के स्थायी निवासियों को स्वरोजगार का अवसर भी प्रदान किया जा रहा है। नई सौर ऊर्जा नीति के तहत वर्ष 2०27 तक आवासीय में 25० मेगावाट जबकि कुल 25०० मेगावाट क्षमता वाले सोलर प्लांट्स की स्थापना करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सोलर वेंडरों की संख्या बढ़ाते हुए आवासीय क्षेत्र के लिए 365 वेंडरों को मान्यता प्रदान की है। राज्य सरकार ने नेट मीटरिंग की व्यवस्था को भी सरल बनाने के साथ ही 1० किलोवॉट तक के सोलर सिस्टम को तकनीकी आकलन से बाहर रखा है, जिससे प्रदेशवासी सौर ऊर्जा को आसानी से अपना सकें। पिछले सात माह में उत्तराखंड में 23 मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा क्षमता सफलता पूर्वक स्थापित की जा चुकी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सौर कौथिग के इस आयोजन से प्रदेश के सौर ऊर्जा क्षेत्र के विकास को और अधिक गति मिलेगी और भारत को कार्बन न्यूट्रल बनाने में उत्तराखण्ड योगदान देगा।

नशा तस्करों के विरूद्ध दून पुलिस की कार्यवाही जारी

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 04 नशा तस्करों को दून पुलिस ने किया गिरफ्तार।अभियुक्तो के कब्जे से 16.48 किलोग्राम गांजा, 7.20 ग्राम अवैध स्मैक तथा 09 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब हुई बरामद*

तस्करी में प्रयुक्त कार तथा स्कूटी को किया सीज

मां0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के ₹ड्रग फ्री देवभूमि 2025₹ के विजन को साकार करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश निर्गत किये गये हैं। उक्त सम्बन्ध में दून पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण निम्नवत है।

01: थाना रायपुर:लगभग 04 रू0 मूल्य के 16.48 किलोग्राम गांजे के साथ 02 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त स्कूटी को किया सीज।

थाना रायपुर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ननूरखेडा मण्डी रायपुर के पास से स्कूटी सं0: यू0पी0-11- सीडब्ल्यू-0867 पर सवार 02 अभियुक्तों को 16.48 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना रायपुर में धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त उक्त गांजे को सहारनपुर से देहरादून लेकर आए थे, जिसे वह झुग्गी- झोपड़िया में रहने वाले लोगों तथा नशे के आदि व्यक्तियों को बेचने की फिराक में थे।

1- साबिर पुत्र मौ0 मुकर्रम निवासी ग्राम मरोडगढ, पोस्ट व थाना चिलकाना, तसहील नकुड, जिला सहारनपुर, उ0प्र0, उम्र- 24 वर्ष

2- फैजान पुत्र गुफरान निवासी ग्राम माजरी, थाना गागलहेडी, जिला सहारनपुर, उ0प्र0, उम्र- 42 वर्ष

1- 16.48 किलोग्राम गांजा

2- तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी सं0: यू0पी0-11-सीडब्ल्यू-0867

02: थाना नेहरू कॉलोनी*

*02 लाख रू0 अनुमानित मूल्य की 7.20 ग्राम अवैध स्मैक के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार नेहरुकोलोनी पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अनिकेत फार्म दून यूनिवर्सिटी के पास से एक अभियुक्त को 7.20 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना नेहरू कॉलोनी पर मु0अ0स0: 384/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्त:-*

पप्पू नाथ पुत्र स्व0 करतार सिंह निवासी सपेरा बस्ती निकट मोथरोवाला पुल, थाना नेहरू कॉलोनी, उम्र 38 वर्ष ।

बरामदगी:-*

कुल 7.20 ग्राम अवैध स्मैक अनुमानित कीमत लगभग 02 लाख रू0

3- कोतवाली ऋषिकेश

09 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब के साथ 01 अभियुक्त को ऋषिकेश पुलिस ने किया गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त कार को किया सीज

कोतवाली ऋषिकेश पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर श्यामपुर फाटक ऋषिकेश से 01 अभियुक्त अमन तिवारी पुत्र विजय प्रसाद तिवारी को आई 10 कार संख्या: यू0के0-07-बीडब्ल्यू-1605 रंग लाल में 09 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब माल्टा (देशी शराब माल्टा की 6 पेटी व अंग्रेजी 03 पेटी मैक्डावल्स) की अवैध तस्करी करते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

1- अमन तिवारी पुत्र विजय प्रसाद तिवारी निवासी लास्ट नीमी रोड डालनवाला देहरादून नियर साल टैक्स आफिस के पास उम्र- 29 वर्ष

09 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब माल्टा (देशी शराब माल्टा की 6 पेटी व अंग्रेजी शराब मैक्डावल्स की 03 पेटी)

2- आई- 10 कार संख्या: यू0के0-07-बीडब्ल्यू-1605 रंग लाल

सीएम कार्यालय व सीएम सचिवालय में बदली गई अफसरों की जिम्मेदारी

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून। उत्तराखंड में मुख्यमंत्री कार्यालय और सीएम सचिवालय में अफसरों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। इस दौरान प्रमुख सचिव से लेकर अपर सचिव मुख्यमंत्री स्तर के अधिकारियों में कार्य विभाजन किया गया है। कार्य विभाजन को लेकर प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय से आदेश जारी कर दिया गया है।

उत्तराखंड में मुख्यमंत्री कार्यालय में होने वाले कामों को लेकर अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। इसमें प्रमुख सचिव से लेकर अपर सचिव मुख्यमंत्री स्तर के अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालय के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसमें प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री आरके सुधांशु, सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगौली, विनय शंकर पांडे, सुरेंद्र नारायण पांडे और अपर सचिव मुख्यमंत्री जगदीश चंद्र कांडपाल के बीच कार्यों का विभाजन हुआ है। इस संदर्भ में प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय से आदेश जारी किया गया है।जारी किए गए आदेश के अनुसार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री आर के सुधांशु को मुख्य रूप से वित्त, कार्मिक, गृह, लोक निर्माण विभाग, औद्योगिक विकास, आवास और परिवहन जैसे विभागों की पत्रावलियों के निस्तारण से जुड़े काम मिले हैं। इसके अलावा अन्य राज्यों से संबंधित बिंदुओं, न्यायपालिका से संबंधित सभी प्रकरण भी प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री आर के सुधांशु देखेंगे।

सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली विभागों के स्तर पर मंत्री परिषद, ऊर्जा, कृषि, विद्यालय शिक्षा, पर्यटन, सिंचाई, वन और खेल विभाग जैसे विभागों की पत्रावलियों का काम मुख्यमंत्री कार्यालय में देखेंगे। इसके अलावा उन्हें राज भवन से संबंधित प्रकरण, मुख्यमंत्री की विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा जैसे कुछ दूसरे महत्वपूर्ण काम भी दिए गए हैं।

सचिव मुख्यमंत्री विनय शंकर पांडे को भी महत्वपूर्ण विभागों की पत्रावलियों के निस्तारण की जिम्मेदारी मिली है। पूर्व में उनके पास मौजूद गृह विभाग हटाकर उन्हें आबकारी और खनन जैसे महत्वपूर्ण विभागों की पत्रावलियों के निस्तारण की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा राज्य संपत्ति, आपदा प्रबंधन, शहरी विकास, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, सचिवालय प्रशासन, सूचना, राजस्व, श्रम और पेयजल जैसे विभागों की जिम्मेदारी भी मिली है। विभागों के अतिरिक्त विधायकों और सांसदों से समन्वय, जिला अधिकारियों से समन्वय, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से संबंधित काम जैसी जिम्मेदारियां भी मिली हैं।

सचिव पांडे को सहकारिता, पशुपालन व स्वास्थ्य विभाग की पत्रावलियों के निस्तारण की मिली जिम्मेदारी

देहरादून। सचिव सुरेंद्र नारायण पांडे को सहकारिता, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, ग्रामीण विकास समेत कुछ दूसरे महत्वपूर्ण विभागों की पत्रावलियों के निस्तारण से जुड़ी जिम्मेदारी मिली हैं। इसके अतिरिक्त सरकारी विभागों के विभिन्न आयोगी में नियुक्ति के लिए भेजे गए अधियाचन, मुख्यमंत्री की बैठकों के एजेंट की मुख्यमंत्री को जानकारी देना, जैसी जिम्मेदारी भी इन्हीं के पास दी गई है।

मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल संबंधित काम अपर सचिव जगदीश चंद्र कांडपाल देखेंगे

देहरादून। अपर सचिव मुख्यमंत्री जगदीश चंद्र कांडपाल को उद्यान विभाग, समाज कल्याण, संस्कृति, धर्मस्व, रेशम विभाग और न्याय विभाग जैसे विभागों की पत्रावलियों के निस्तारण की जिम्मेदारी मिली है। इसके अतिरिक्त राजधानी से बाहर मुख्यमंत्री के प्रवास और भ्रमण कार्यक्रमों का समन्वय, मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल संबंधित काम भी अपर सचिव जगदीश चंद्र कांडपाल देखेंगे।

विनय शंकर पांडे और सुरेंद्र नारायण पांडे को लिंक अफसर नामित किया गया

देहरादून। आदेश के अनुसार, मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात अधिकारियों के लिंक अधिकारी भी तय किए गए हैं। प्रमुख सचिव आरके सुधांशु और सचिव शैलेश बगोली को आपस में लिंक अफसर बनाया गया है। इसी तरह विनय शंकर पांडे और सुरेंद्र नारायण पांडे को लिंक अफसर नामित किया गया है।

वीर जवानों की शहादत को हमेशा याद रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य - ईश्वर चंद अग्रवाल

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार,डोईवाला –16 दिसंबर विजय दिवस के उपलक्ष में सरस्वती विद्या मंदिर में एक कार्यक्रम मनाया गया जिसमें उन सभी देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई इस कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष ईश्वर चंद अग्रवाल ने अपने विचार प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने 16 दिसंबर 1971 के विषय में बताया कि आज का दिन हम विजय दिवस के रूप में मनाते हैं इस दिवस को मानने पर हमें गर्व महसूस हो रहा है इन्हीं सेवा के जवानों के द्वारा आज हमारे देश की सारी सीमाएं सुरक्षित है देश का प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षित है ऐसे सैनिकों को हम अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त करते हैं विजय दिवस का कार्यक्रम पूरे देश में मनाया जा रहा है भाजपा मीडिया प्रभारी भारत गुप्ता ने कहा कि वीर जवानों के साथ को देश हमेशा याद रखना है ! कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश चंद्र गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किया एवं आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया ! कार्यक्रम में संजीत पांडे, नरेश बलूनी, सुरेंद्र नेगी,ममता सैनी,संगीता पाल, शकुंतला देवी विजयलक्ष्मी, राजबाला सुमन भट्ट आदि लोग उपस्थित रहे

आवश्यकता मंद 125 छात्र छात्राओं को ऊनी वस्त्रो का वितरण किया कार्यक्रम

डोईवाला, समाज सेवी संस्था लोक हितकारी परिषद ने नगर के तीन विद्यालयों के आवश्यकता मंद 125 छात्र छात्राओं को ऊनी वस्त्रो का वितरण किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोईवाला शुगर कंपनी के अधिशासी निदेशक दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को एकाग्र होकर अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए समाज सेवी संस्थाएं उत्प्रेरण का काम करती हैं। सोमवार को पब्लिक इंटर कॉलेज मे संस्था के कार्यक्रम में आवश्यकता मंद छात्र छात्राओ को ऊनी वस्त्रो का वितरण किया गया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्य मंत्री करन बोरा, ई ओ उत्तम सिंह नेगी विद्यालय के प्रबंधक मनोज नौटियाल अधिवक्ता मनोज सैनी वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रम सिंह नेगी समाजसेवी राजन गोयल ने कहा कि समाज के साधन संपन्न लोगों को अपनी क्षमता के अनुसार जनहित में कार्य करना चाहिए परमार्थ से बड़ी कोई सेवा नहीं है । संस्था के मंडलीय अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता ने कहा कि संस्था विगत 24 वर्षों से जनहित के कार्यों को कार्य कर रही है हमारा उद्देश्य समाज के आवश्यकता मंद लोगों तक मदद को पहुंचना है। इस बार 350 बच्चों को ऊनी वस्त्र वितरण संस्था का उद्देश्य है इससे पूर्व मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक डीपी सिंह ने मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस अवसर पर प्रमुख व्यवसायी राकेश गुप्ता, यश गोयल, नेत्रपाल रोहिल्ला अरविंद शर्मा के अलावा संस्था के जिला अध्यक्ष उदय चंद पाल जिला महामंत्री नवल किशोर यादव ब्लॉक अध्यक्ष सुषमा आर्य कोषाध्यक्ष विनय जिंदल ओमप्रकाश काला, सुदेश सहगल, तेजवीर सिंह, आशुतोष डबराल आदि मुख्य रूप से मौजूद थे ।

वाहन चालकों को जागरुक करने के लिए हरिद्वार पुलिस का प्रयास

वाहन चलाते समय
है बेकार
नींद, नशा और रफ्तार
कोतवाली मंगलौर
जनपद हरिद्वार

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

सड़क दुर्घटनाओं के लगातार बढ़ते ग्राफ पर लगाम लगाने के लिए सीओ मंगलौर विवेक कुमार के निर्देशन में कोतवाली मंगलौर पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित अति संवेदनशील एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आज दिनांक 16.12.2024 को स्लोगन बोर्ड लगाए गए। स्लोगन बोर्ड के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय नशे से दूर रहने एवं निर्धारित गति में वाहन चलाने के लिए जागरुक किया जा रहा है।

हरे और नए फलदार पेड़ों के कटान की अनुमति नहीं



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

लक्सर क्षेत्र के सुल्तानपुर मेआए दिन आम के हरे फलदार पेड़ों पर वन तस्कर उद्यान विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से पेड़ों के काटने की क्षेत्रीय अधिकारियों से साठगांठ कर अनुमति ले रहे हैं। इतना ही नहीं अनुमति लिए गए पेड़ों से अधिक संख्या में पेड़ काट लिए जाते हैं। जबकि उच्च अधिकारियों का कहना है कि हरे और फलदार पेड़ों के कटान की अनुमति नहीं दी जा सकती।

सुल्तानपुर नगर सहित आसपास के देहात क्षेत्र में उद्यान विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों से साठगांठ कर ठेकेदार पेड़ों को बेकार या सूखे पेड़ बताकर उनकी अनुमति करा लेते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की अनुमति दिखाकर धड़ल्ले से अनुमति दिए गए पेड़ों के साथ ही अधिक संख्या में पेड़ों और आरी चलाई जाती है है। जिसके चलते लगातार आम के फलदार पेड़ कम होते जा रहे है। सुल्तानपुर उद्यान अधिकारी कोमल सैनी ने बताया कि विभाग की ओर से निरंजनपुरगांव में 28 फलदार पेड़ और भगतनपुर गांव मे. लगभग 7 पेड़ों की अनुमति दी गई है। जिला उद्यान अधिकारी महिपाल सिंह ने बताया हरे और नए फलदार पेड़ों के कटान की अनुमति नहीं दी जा सकती। अगर कोई ऐसा मामला है तो उसकी जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ भी विभाग के कार्य की जाएगी

किसानों की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

लक्सर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकताओं ने किसानों की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकताओं के द्वारा बताया गया की, आज के वक्त में किसान बहुत ही मजबूर और परेशान है, अपने बच्चों को पढ़ाने में असमर्थ है, उनकी कोई भी समस्या सरकार सुनने के लिए तैयार नहीं है, उन्होंने कहा किसानों की परेशानी को देखते ह गन्ने का रेट कम से कम 500 प्रति क्विंटल होना चाहीये, बिजली के बिलों को पुरी तरह से माफी जरुर होनी चाहीये, किसानों की फसलों को चट कर रहे आवारा पशुओं का भी इंतेजाम सरकार को करना चाहीये, जिससे किसान अपना भरण पोषण कर सके, उन्होंने कहा कि जिले के कृषि अधिकारी ब्लाक स्तर पर एक हफ्ते में कम से कम एक दिन आम किसानों की समस्याओं को सुने, उनको भी आदेश सरकर को करना चाहीये, पत्र देने वालों में जो भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ता मौजूद रहे, उनमे संजय शर्मा प्रदेश माहामंत्री, सरवन कुमार जिला अध्यक्ष, मोहित शर्मा, मोहित कुमार, सतीश कुमार, सुधीर कुमार, नवीन गोयल, अजय शर्मा, नितिन चौहान, आदि दर्जनों किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ता मौजूद रहे रहे।

हरिद्वार पुलिस के द्वारा नशा माफिया के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी

थाना-पथरी
जनपद – हरिद्वार, उत्तराखण्ड
9411112838, कन्ट्रोल रूम 100, 112

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025 अभियान के तहत जनपद हरिद्वार में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में थाना पथरी पुलिस द्वारा सूचना पर दिनांक 15.12.24 को गुर्जर बस्ती से दौडवसी रोड से दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया, हिरासत में लिये गये व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुए व्यक्तियों की तलाशी ली गई तो दोनों व्यक्तियों के पास से 210 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई।

आरोपी के विरुद्ध थाना पथरी पर एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया।

नाम पता आरोपी

1- रामकुमार पुत्र इन्द्र सिंह
2- सुशील पुत्र विजयपाल निवासी गण ग्राम जसपुरा रणजीतपुर कोतवाली लक्सर हरिद्वार।

बरामदगी का विवरण

210 ग्राम अवैध चरस मय मोटरसाइकिल बरामद होना।

पुलिस टीम
1- उ.नि.सुधांशु कौशिक
2- कां 1428 रविदत्त भट्ट
3- कां 280 सतेन्द्र शर्मा

अवैध रूप से वाहन चलाने वालों की चेकिंग करने से खलबली मची

मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

लक्सर...उत्तराखंड, लक्सर पुलिस के द्वारा अवैध रूप से वाहन चलाने वालों की चेकिंग करने से खलबली मच गई है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि एसएसपी हरिद्वार द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार मॉडिफाई साइलेंसर बगैर हेलमेट बगैर कागजों के बिना नंबर प्लेट की गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ चेकिंग की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ लोग अपने नाबालिक बच्चों पर गाड़ी चलवाते हैं। ऐसे बच्चों के खिलाफ भी उनके परिवार के खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा सभी को चाहिए कि सरकार के द्वारा बनाए हुए नियम के अनुसार गाड़ी चलाएं, और अपने आप को सुरक्षित रक्खें आज के इस चेकिंग अभियान में जो पुलिसकर्मी मौजूद रहे, उनमें उप निरीक्षक आशीष भट्ट, उप निरीक्षक कृष्णचंद सेमवाल, चालक हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, होमगार्ड भूषण दत्त शर्मा, ओमपाल सिंह, अनिल कुमार, आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

एसआरएचयू में उत्तराखंड इनोवेशन फेस्टिवल-2024 आयोजित

- आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में युवा सक्षम

- 100 से अधिक स्टार्ट अप फेस्टिवल में हुए शामिल

UTTARAKHAND INNOVATION FESTIVAL-2024
(To Promote Startups & Entrepreneurship Ecosystem)
Inaugural Session
In the graceful presence of
Mata Sh Mangla Ji Shri Bhole Ji Maharaj

डोईवाला। राज्य के युवाओं में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय जौलीग्रांट (एसआरएचयू) में दो दिवसीय उत्तराखंड इनोवेशन फेस्टिवल 2024 का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य भर के विभिन्न संस्थानों से प्रतिभागियों ने अपने नवाचारों के मॉडलों को प्रदर्शित किया।

सेंट्रल पार्क में आयोजित उत्तराखंड इनोवेशन फेस्टिवल 2024 का उद्घाटन हंस फाउंडेशन के संस्थापक माता श्री मंगला, भोले जी महाराज व एसआरएचयू के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि माता श्री मंगला ने कहा कि युवा देश का भविष्य है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को सकार करने की क्षमता युवाओं के पास है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर तकनीक का दौर है और आज का युवा तकनीकी रूप से काफी सुदृढ़ है। उन्होंने युवाओं से तकनीक का इस्तेमाल नवाचार में करने की बात कही। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विडियो संदेश ने सभी का उत्साहवर्धन किया। संदेश में उन्होंने कहा युवा सोच और विचार ही परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने उत्तराखंड के पहले इनोवेशन फेस्टिवल पर कार्यक्रम से जुड़े सभी लोग को शुभकामनाएं दी। स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना ने युवाओं से आह्वान किया वह नौकरी करने की मानसिकता को छोड़े और नौकरी देने के विचार पर काम करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शिक्षा देने के साथ ही उनके कौशल विकास पर भी कार्य किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं में नवाचार और उद्यमिता विकास की समझ को विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय में स्थापित इनोवेशन सेंटर इस दिशा में कार्य कर रहा है। राज्य में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 100 से अधिक स्टार्टअप, उन्नत तकनीक, छात्रों के बिजनेस आईडियाज और राज्य भर के महिला स्वयं सहायता समूहों ने उत्तराखंड इनोवेशन फेस्टिवल में शिरकत की।

वन मंत्री सुबोध उनियाल व कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने स्वास्थ्य देखभाल में एस-ाआर केयरहाइव और न्यूट्रास्युटिकल पर केंद्रित उलो लैब्स को इमर्जिंग स्टार्टअप अवार्ड से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त मिंडुरा योगवेल, फूड प्रोजेक्ट, और रंग दे होप (कला शिल्प में सामाजिक नवाचार) सहित सात अन्य स्टार्टअप को बिजनेस आइडियाज प्री-स्टार्टअप पुरस्कार प्राप्त हुए। समापन सत्र को संबोधित करते हुए वन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि कि इस आयोजन से युवाओं ने काफी कुछ सीखा होगा। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि राज्य के उभरते उद्यमी उत्तराखंड को भारत में नवाचार का केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने इस तरह के आयोजन युवाओं को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंनें युवाओं से असफलता के भय को छोड़ निरंतर नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही। इससे पूर्व एसआरएचयू के कुलपति डॉ. राजेन्द्र डोभाल ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। एचसीआई निदेशक डॉ. अमजद हुसैन ने आयोजक लक्ष्य सोसाईटी सहित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

एसआरएचयू की उद्यमिता विकास नीति का विमोचन

उत्तरांखड इनोवेटिव फेस्टिवल-2024 में स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय की उद्यमिता विकास नीति का विमोचन भी किया गया। इसके अंतर्गत एसआरएचयू का हिमालयन सेंटर ऑफ इनोवेशन एंड ऐंटरप्रेनियोरशिप छात्र-छात्राओं को स्वयं का स्टार्ट अप शुरू करने में मदद करेगा। जिसमें उनके बिजनेस आईडिया को विभिन्न तरीके से विश्लेषण करने के बाद धरातल पर उतारने काम किया जायेगा।

शादीशुदा जिंदगी में इन बातों को करें फॉलो

लड़ाई–झगड़ा, प्यार–मोहब्बत, हर रिश्ते में होना लाजमी है। लेकिन अगर ये झगड़ा बहुत ज्यादा होने लगे तो ये अच्छा नहीं होता क्योंकि इससे रिश्ते टूट सकते हैं। किसी भी रिश्ते में लड़ाई होना बेहद खराब है, हां हल्की–फुल्की नोक झोंक तो हर घर में होती है, पर जब ये ज्यादा होने लगे तो खतरे की घंटी साबित हो सकती है। अगर आपके रिश्ते में ऐसा कुछ हो रहा है तो आप कुछ टिप्स फॉलो कर सकते हैं। आइए, जानते हैं–

विश करें

तो क्या हुआ कि आपकी शादी को कई साल हो चुके हैं, प्यार को बरकरार रखने के लिए आपको हर चीज करनी चाहिए। भले ही आप दोनों के उठने का समय अलग है लेकिन आप दोनों को सुबह एक दूसरे को गुड मॉर्निंग विश करना चाहिए। साथ ही रात में सोने पर भी आपको गुड नाइट विश करके सोना चाहिए। ये एक अच्छी आदत होने के साथ–साथ आपके रिश्ते को जीवित रखने में मदद करता है।

फूल

फूल किसे पसंद नहीं होते, इन दिनों फेस्टिव सीजन है तो यकीनन आपकी वाइफ भी रोजाना अच्छे से तैयार होती होंगी। ऐसे में उनको आप फूल दे सकते हैं। वह इसे अपने बालों में लगा सकती है और ये सच में काफी रोमांटिक होगा।

तारीफ

एक दूसरे की तारीफ करें। आप अपने पार्टनर की किसी फोटो या फिर वो दिन भर कैसी लग रही थी इस बात की तारिफ करें। रोजाना आप दोनों मेहनत करते हैं तो ऐसे में एक दूसरे के काम की तारीफ भी कर सकते हैं।

हाई हील पहनने की हैं शौकीन, पूरे दिन पहनकर रखने के लिए अजमाएं ये हैक्स

हील्स पहनना अधिकतर महिलाओं को पसंद होता है। हील्स पहनने के लिए किसी भी परफेक्ट आउटफिट पहनने की जरूरत नहीं होती, बल्कि किसी भी लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप हील्स पहन सकते हैं। हील्स की एक खासियत यह भी है कि यह पैरों को ज्यादा लंबा दिखाते हैं, जिससे आपका लुक और भी ज्यादा अट्रेक्टिव लगता है। हाई हील्स के साथ एक समस्या यह होती है कि यह बहुत ज्यादा देर तक आपको कंफर्टेबल महसूस नहीं करवाते हैं। इसलिए अगर आप ऑफिस में या फिर किसी मैरिज फंक्शन आदि में पहन रही हैं तो हो सकता है कि आपको पैरों में दर्द का एहसास होने लगे। तो जानते हैं हाई हील्स से जुड़े कुछ हैक्स के बारे में।

हैक 1

डबल टेप का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे आप तलवे से चिपका दें। यह ट्रिक आपके फुटवियर को पैरों पर ज्यादा आरामदायक तरीके से रखेगी। साथ ही इसके कारण होने वाले फफोले और पैर की उंगलियों में दर्द काफी हद तक कम हो जाएगा।

हैक 2

हील्स में आप इनसोल्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। ये सिलिकॉन या कपड़े से बने होते हैं। यह आपके पैरों को हाई हील्स में आगे बढ़ने से रोकते हैं, साथ ही आरामदायक भी होते हैं।

हैक 3

पार्टी में अक्सर हील्स उतारने का मन करता है, लेकिन आप ऐसा करने से बचें क्योंकि जब आप हील्स उतारते हैं तो उस पल तो आपको राहत मिल जाती है लेकिन कई बार ऐसा करते ही पैरों में सूजन आ जाती है और फिर जब आप हील्स दोबारा पहनती हैं तो पैरों में ज्यादा दर्द होता है।

हर लड़की को सीखनी चाहिए ये चीजें

यूं तो आज लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। घर की जिम्मेदारियों से लेकर बाहर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने तक में, उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अपने लिए एक खास जगह बनाई है। बावजूद इसके आज जानते हैं वो 5 चीजें जिन्हें होम मेकर हो या कोई प्रोफेशनल लड़की, जरूर सीखना चाहिए।

अकाउंट्स मेनटेन रखना

घर संभालना हो या फिर बाहर रहकर नौकरी करते हुए अपने खर्चों को करना हो मैनेज, लड़कियों को अपने फाइनेंशियल डिसीजन खुद लेने आने चाहिए। इसके लिए उन्हें सबसे पहले अपना अकाउंट्स मेंटेन करना जरूर आना चाहिए। आप ऐसा करते हुए आप अपने खर्चों पर भी खुद नजर रख पाएंगी। इसके अलावा लड़कियों को समय पर टैक्स रिटर्न भरना भी जरूर सीखना चाहिए। अपने रिटायरमेंट प्लान से लेकर सेविंग्स तक की प्लानिंग के लिए अपने पैसे को समझदारी से इन्वेस्ट करें।

साइन करने से पहले हर कागज को अच्छे से पढ़ें

ज्यादातर लोग अक्सर किसी डॉक्यूमेंट या कागज को बिना पढ़े ही साइन कर देते हैं। आपकी ये आदत आपको भविष्य में नुकसान पहुंचा सकती है। लड़कियों का मन कोमल होता है। आपका किसी पर विश्वास करना उचित है बावजूद इसके आपको समझदारी से काम लेना भी आना चाहिए। ऐसे में कभी भी किसी भी लीगल या जरूरी डॉक्यूमेंट्स पर साइन करने से पहले उसे जरूर अच्छे से पढ़ें।

बेसिक सेल्फ डिफेंस स्किल्स

वक्त चाहे कोई भी क्यों न हो, आप अपनी किस्मत को आजमाने के लिए रात या दिन का इंतजार थोड़े ही करेंगे। रात हो या दिन, आपको अपनी सुरक्षा के लिए बेसिक सेल्फ डिफेंस मूव्स जरूर आने चाहिए ताकि आप मौका पड़ने पर किसी भी जगह सुरक्षित रह सकें। आप इसके लिए वीकेंड पर सेल्फ डिफेंस कोर्स कर सकती हैं।

सिग्नेचर डिश

हर व्यक्ति अपनी किसी न किसी खासियत की वजह से लोगों के बीच पहचाना जाता है। ऐसे में आप भी अपनी किसी सिग्नेचर डिश की वजह से लोगों के बीच फेमस हो सकते हैं। जब आप डिनर या पार्टी के लिए लोगों या दोस्तों को अपने घर बुला रही हैं तो मेन्यू में आपकी एक सिग्नेचर डिश तो होनी ही चाहिए जिसका स्वाद वो सालों–साल याद रखें।

घर की जिम्मेदारियों से लेकर बाहर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने तक में लड़कियों ने अपनी मेहनत और लगन से अपने लिए एक खास जगह बनाई है।

कार का टायर बदलना

अक्सर लोगों को लगता है कि गाड़ी का टायर बदलने का काम सिर्फ लड़के ही अच्छा कर सकते हैं। लेकिन अगर आप भी ड्राइव करती हैं तो यह काम आपको भी जरूर सीखना चाहिए वरना आप कभी भी मुश्किल में पड़ सकती हैं।

डेटिंग प्रोफाइल के लिए फोटो चूज करने में इन टिप्स की लें मदद

ऑनलाइन डेटिंग करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में जब आप ऑनलाइन प्रोफाइल को सेट करते हैं तो आप पूरी तरह से सभी कुछ बेस्ट करने की कोशिश करते हैं। जिसे देख आसानी से कोई भी इंप्रेस हो जाए। हालांकि आपको इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि आपके प्रोफाइल का बायो पूरी तरह से आपको डिस्क्राइब करना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तभी आप ज्यादा से ज्यादा मैच पा सकते हैं। इन सभी के साथ ये भी जरूरी है कि आप एक सही प्रोफाइल फोटो चूज करें। ऐसे में आप जब भी डेटिंग प्रोफाइल फोटो चूज करें तो कुछ बातों को ध्यान में रखें। तो चलिए जानते हैं कुछ टिप्स के बारे में जिनकी मदद से आप अपनी प्रोफाइल फोटो सेट कर सकत हैं।



टिप 1

ऐसी फोटो चूज न करें जिसमें आपका चेहरा क्लीयर न हो, या फिर आपका चेहरा दिख ही न रहा हो। ये फोटो अच्छा ऑप्शन नहीं होगा क्योंकि सामने वाले को आपकी फोटो ही नहीं दिखेगी। ऐसी फोटो चुने जिसमें आप पूरी तरह से दिख रहे हों।

टिप 2

कई बार लोग डेटिंग एप पर ग्रुप फोटो लगाते हैं, ऐसे में सामने वाले को ये कंफ्यूजन हो सकता है कि प्रोफाइल किसकी है। तो ध्यान रखें की फोटो सिर्फ आपकी हो न की ग्रुप फोटो हो।

टिप 3

ऑनलाइन डेटिंग एप पर अगर आप फोटो स्लेक्ट कर रहे हैं तो ऐसी फोटो लगाएं जो आपको डिस्क्राइब करे। अगर आपको कैंपिंग पसंद है तो आप कैंपिंग की फोटो लगा सकते हैं या फिर अगर आपको बुक्स पढ़ना पसंद है तो किसी लाइब्रेरी की फोटो लगा सकते हैं।

टिप 4

एक ऐसी फोटो लगाएं जिसमें आप कॉन्फिडेंट नजर आ रहे हैं। कई बार लोग अपने कपड़ों के साथ कॉन्फिडेंट नहीं होते हैं फिर भी उन कपड़ों में वह प्रोफाइल फोटो लगा सकते हैं।



कहीं आपकी चांदी की ज्वेलरी नकली तो नहीं है ? ऐसे जानें

सोना और प्लेटिनम की तरह ही चांदी भी एक लोकप्रिय धातु है। आमतौर पर लोग सोने और चांदी के गहने पहनना पसंद करते हैं और वास्तव में चांदी के गहने दिखने में खूबसूरत भी लगते हैं। जब बात चांदी के गहनों को आती है तो लोग मुख्य रूप से इसकी पायल और बिछिया पहनते हैं। चांदी एक कीमती धातु है जो बहुतायत में पाई जाती है और इसका उपयोग गहनों के अलावा पूजा के सिक्के, सजावटी सामान, मूर्तियां और अन्य टिकाऊ वस्तुएं जैसे बर्तन बनाने के लिए भी किया जाता है।

यह एक नरम धातु है और यदि आप अपनी चांदी से बनी चीजों की उचित देखभाल करते हैं, तो यह लंबे समय तक नए जैसी बनी रहती हैं। चाहे आप चांदी के झुमके की एक जोड़ी खरीदें या स्टर्लिंग चांदी से बनी चांदी की अंगूठी और पायल, यदि आप इसकी अच्छी देखभाल करेंगी तो या सालों साल नयी जैसी बनी रहेंगी। लेकिन देखभाल के साथ आपके लिए इन्हें खरीदते समय इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि आप जो चांदी खरीद रही हैं वो असली और शुद्ध है या नहीं। वास्तव में यदि आप नकली चांदी खरीदेंगी के बाद भी ये जल्दी ही खराब होने लगती है। आइए जानें कि आप किन युक्तियों से इस बात का पता आसानी से लगा सकती हैं कि आपकी चांदी असली है या नहीं।

लेबल की जांच करें

चांदी की वस्तु असली है या नकली यह जांचने के लिए आभूषण पर लेबल की जांच करना। यदि उस पर एक छोटा लेबिल है जिसमें स्टर' या 'स्टर्लिंग' प्रिंट है, तो इसका मतलब है कि वस्तु

चांदी या चांदी चढ़ाया हुआ। जब भी चांदी की वस्तुओं को अंतरराष्ट्रीय या घरेलू स्तर पर बेचा जाता है, तो एक हॉलमार्क ट्रेड स्टैम्प होता है जो धातु को प्रमाणित करता है। किसी दुकान से चांदी की वस्तु खरीदने से पहले, हमेशा 'स्टर्लिंग' के मानक स्टैंप की जांच जरूर करें।

मैग्नेट टेस्ट

मैग्नेट का उपयोग करके यह जांचने का एक और अच्छा तरीका है कि आपने जो चांदी खरीदी है वह असली है या नकली। यदि आपके घर में कोई भी चुम्बक पड़ा हुआ है, तो आप इसका उपयोग

प्रदर्शित करती है। इसके लिए एक मैग्नेट का प्रयोग करें और उसे चांदी की वस्तु के करीब लाएं जिसे आप जांचना चाहते हैं और देखें कि क्या यह मैग्नेट से मजबूती से चिपकती है। यदि ऐसा है तो समझ लें कि ये असली चांदी नहीं है।(मोतियों की ज्वेलरी की ऐसे करें केयर)

आइस क्यूब टेस्ट

चांदी के शुद्ध होने या न होने की जांच करने का एक और आसान तरीका बर्फ के टुकड़े का उपयोग करना है। यह विधि चांदी के सिक्कों और अन्य चांदी की वस्तुओं के सपाट सतहों के परीक्षण के लिए आदर्श है। चांदी के सिक्के या गहनों पर आइस क्यूब रखें। यदि आइस क्यूब जल्दी पिघलती है, तो आपके पास जो चांदी की वस्तु है वह असली है। दरअसल चांदी में किसी सामान्य धातु की तुलना में अत्यधिक मात्रा में थर्मल कंडक्टिविटी होती है जो बर्फ को तुरंत पिघला देती है।

वजन परीक्षण

चांदी अधिकांश धातुओं की तुलना में ज्यादा हैवी होती है। इस धातु के वजन में एक विशिष्ट व्यास और मोटाई होती है । यदि चांदी का वजन कम होता है, तो यह स्टर्लिंग चांदी के बजाय हल्के चांदी के मिश्र धातुओं से बनी हो सकती है। यदि इसका वजन अधिक है, तो

आमतौर पर चांदी की परत वाली वस्तुओं की तुलना में ठंडी होती है और चमकदार होती है।

ब्लीच टेस्ट

चांदी की धातु की प्रामाणिकता की जांच के लिए ब्लीच का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। बस चांदी की वस्तु पर ब्लीच की एक बूंद डालें। ब्लीच जैसे ऑक्सीडाइजिंग केमिकल के संपर्क में आने के बाद अगर यह धूमिल हो जाए तो यह असली चांदी है। ब्लीच के संपर्क में आने पर असली चांदी तुरंत काली हो जाएगी जबकि नकली धातु पर ब्लीच का कोई असर नहीं होता है। लेकिन

हिस्से में ही ब्लीच डालें।

इन सभी युक्तियों से आप अपनी चांदी के गहनों की जांच कर सकते हैं और ये पता लगा सकते हैं कि चांदी असली है या नकली।

एक बार फिर अपनी पुरानी टीम गुजरात जायंट्स से खेलती नजर आयेंगी डॉटिन

मुम्बई

वेस्टइंडीज की स्टार ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन को महिला प्रीमियर लीग (डबल्यूपीएल) 2025 में गुजरात जायंट्स ने (1.70 करोड़ रुपये) में खरीदा है। ऐसे में वह एक बार फिर घर वापसी हुई है। इसके तहत वह अपनी घरेलू फ्रेंचाइजी गुजरात जॉयंट्स की ओर से खेलती नजर आयेंगी। डॉटिन को गुजरात ने नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था। डिएंड्रा के नाम महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक का रिकार्ड है। उन्होंने 38 गेंदों पर शतक लगाया था। डॉटिन का आधार मूल्य 50 लाख था। इस वर्ग में 3 खिलाड़ियों ने अपना नाम शामिल कराया था। नीलामी में डॉटिन के लिए पहली बोली यूपी वॉरियर्स ने लगाई थी। वहीं पहले सत्र में गुजरात जॉयंट्स ने इस खिलाड़ी को बाहर कर दिया था। जॉयंट्स ने इस खिलाड़ी पर सीधे 85 लाख से बोली की शुरूआत की। डॉटिन को शामिल करने के लिए वॉरियर्स और जॉयंट्स में मुकाबला हुआ।

डॉटिन ने साल 2010 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 38 गेंदों पर टी20 में शतक लगा दिया था। उस मैच में इस क्रिकेटर ने 45 गेंदों पर नाबाद 112 रन बनाये थे। डॉटिन आक्रामक बल्लेबाजी के साथ ही कसी हुई गेंदबाजी के लिए भी जानी जाती हैं। ऐसे में लीग में गुजरात को उसका फायदा मिलेगा।

अंडर-19 महिला एशिया कप में सोनम पर रहेंगी नजरें

फिरोजाबाद

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद की सोनम यादव अब मलेशिया में होने वाले अंडर-19 एशिया कप में खेलती नजर आयेगी। बेहद कमजोर आर्थिक हालातों से निकलकर सोनम ने भारतीय टीम में जगह बनायी है। इससे पहले भी सोनम ने अंडर-19 टी20 विश्वकप में अच्छा प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा था। सोनम के कोच विकास पालीवाल ने कहा कि सोनम बेहद प्रतिभाशाली है। उसके भाई ने हमसे कहा कि सोनम शुरूआत से ही क्रिकेटर बनना चाहती थीं पर उसके पास फीस भरने के लिए पैसे नहीं थे। हमारी अकादमी ने सोनम की लगन को देखते हुए उसे मुफ्त में प्रशिक्षण दिया। इसके बाद सोनम लगातार आगे बढ़ती गई और 2022 में उसे बीसीसीआई ने अंडर-19 इंडियन चैलेंजर ट्रॉफी में अवसर मिला जिसका उसने पूरा लाभ उठाया। कोच ने कहा कि टी20 विश्व कप में खेलने का अवसर मिलने के बाद सोनम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और इंडिया की जीत में योगदान दिया था।

अदालत ने दी जावेद अख्तर और कंगना रनौत के बीच मध्यस्थता की अनुमति

मुंबई

अदालत ने जावेद अख्तर और कंगना रनौत के बीच मध्यस्थता की अनुमति दे दी है। इसको लेकर अब 21 जनवरी 2025 को बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक के माध्यम से यह उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों पक्ष आपस में समझौता कर मामले को सुलझा सकते हैं।

यह मामला अंधेरी मजिस्ट्रेट अदालत में चल रहा था, लेकिन कंगना के सांसद बनने के बाद इसे बांद्रा के विशेष सांसद कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, इस मामले में अब तक कोई सुनवाई शुरू नहीं हो पाई थी। इस दौरान, दोनों पक्षों के वकीलों ने अदालत को बताया कि वे मामले का समाधान निकालने के लिए मध्यस्थता की प्रक्रिया पर विचार कर रहे हैं। 9 दिसंबर 2024 को मामले की सुनवाई स्पेशल मजिस्ट्रेट के सामने हुई, लेकिन यहां भी कोई समाधान नहीं निकला। इसके बाद मजिस्ट्रेट ने इस विवाद को सुलझाने के लिए मध्यस्थता कराने का फैसला लिया और दोनों पक्षों को 21 जनवरी 2025 को एक बैठक के लिए बुलाया। कंगना को इस मामले में पहले पुलिस ने तलब किया था, लेकिन वह पेश नहीं हो पाई थीं। इसके बाद पुलिस ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। कंगना ने मामले को रद्द करने के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया। अब दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता की प्रक्रिया से इस विवाद के समाप्त होने की उम्मीद है।

स विवाद का पटाक्षेप होने से न केवल कंगना और जावेद अख्तर के रिश्ते में सुधार हो सकता है, बल्कि यह बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी एक सकारात्मक संदेश भेजेगा।मालूम हो कि यह विवाद 2020 में उस समय शुरू हुआ था जब कंगना रनौत ने एक टीवी इंटरव्यू में जावेद अख्तर के बारे में कुछ झूठे और अपमानजनक बयान दिए थे। इसके बाद, जावेद अख्तर ने कंगना के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया। उन्होंने भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत मामला दायर किया, जिसमें आरोप था कि कंगना ने उनके खिलाफ झूठी और अपमानजनक बातें कहीं।

ऋषभ को लेकर ऑस्ट्रेलिया में भी दीवानगी का माहौल

गाबा

भारतीय टीम के युवा क्रिकेटर ऋषभ पंत को लेकर ऑस्ट्रेलिया में भी दीवानगी का माहौल है। इसका अंदाजा इसी से होता है कि दोनो टीमों के बीच तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए लिए पहुंचे प्रशंसक ऋषभ के मुखौटे पहने नजर आये। ये प्रशंसक ढोल की थाप पर नाचते दिखे। बारिश के कारण भले ही खेल नहीं हो पाया पर ऋषभ के प्रशंसक जमे रहे। ये प्रशंसक इस भारतीय क्रिकेटर के नाम के मुखौटे पहने हुए थे। वह उनके नाम के नारे लगा रहे थे तो कई ढोल की थाम पर नाचते हुए भी दिखे। गाबा को वैसे भी साल 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऋषभ की आक्रामक पारी के लिए याद किया जाता है। इस स्थल पर वापस आने के बारे में बात करते हुए इस क्रिकेटर ने भी पिछले दिनों कहा था कि उन्हें यहां आकर बेहद खुशी हुई और वह सकारात्मक ऊर्जा से भरे हुए थे क्योंकि इस स्थल की उन्हें कुछ शानदार यादें हैं। प्रशंसकों ने इस युवा क्रिकेटर का गर्मजोशी से स्वागत किया और उसे समर्थन में नारे लगाए।

सिराज पर निशाना साधने के लिए ऑस्ट्रेलियाई दिग्गजों पर बरसे गावस्कर

ब्रिस्बेन

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटरों की आलोचना की है। गावस्कर ने एडीलेड में दिन रात्रि टेस्ट में मोहम्मद सिराज को निशाना बनाये जाने को लेकर ये आलोचना की है। गावस्कर के अनुसार इन क्रिकेटरों ने दोहरा चरित्र दिखाया है। दूसरे टेस्ट में ट्रेविस हेड ने शतक पूरा करने के बाद छक्का लगाया जिसके बाद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया और ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा किया था।

हेड ने दावा किया कि उन्होंने आउट होने के बाद सिराज से कहा था कि ह्यअच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारतीय गेंदबाज ने इस बात को गलत बताया। सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया और हेड को फटकार लगाई गई जबकि दोनों खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक-एक निकारात्मक अंक भी दिया। गावस्कर ने तंज कसा है कि सिराज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के दिग्गजों से कड़ी प्रतिक्रिया मिल रही है। ऐसी प्रतिक्रिया वहीं दे रहे जिन्हें मैदान पर इस तरह के व्यवहार के लिए जाना जाता है।

उन्होंने साथ ही कहा ससे ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसक नाराज हो सकते हैं कि सिराज ने शानदार शतक बनाने वाले स्थानीय खिलाड़ी को आक्रामक इशारा किया। गावस्कर ने दोहरे चरित्र पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कैसे यही लोग अपने खिलाड़ियों के असभ्य व्यवहार का समर्थन करते हैं। उन्होंने लिखा, ह्ययह लोग हालांकि अगले सत्र में की एशेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के किसी तेज गेंदबाज की इंग्लैंड के बल्लेबाज के खिलाफ इस तरह की हरकतों को सही करार देंगे।

दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच टेस्ट में डीआरएस लागू नहीं होगा

VS
SA CRICKET

ब्लोमफोंटेन

क्रिकेट मैचों में आजकल डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) सभी मैचों में काफी अहम माना जाता है पर दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच होने वाले एकमात्र टेस्ट में डीआरएस लागू नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीकी टीम 22 साल बाद अपनी घरेलू धरती पर कोई मैच खेलेगी पर उसमें ये तकनीक प्रयोग में नहीं लायी जाएगी। अफ्रीकी महिला टीम ने अपने घर पर आखिरी टेस्ट मैच भारत के खिलाफ साल कए रिपोर्ट के मुताबिक टेस्ट मैच से पहले दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मैचों की सीरीज हुई थी, जिसमें डीआरएस का इस्तेमाल किया गया था। ये तकनीक बहुत ही महंगी होती है और इसी वजह से टेस्ट में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। इस तकनीक को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने केवल एकदिवसीय और टी20 के मैचों के लिए ही उपलब्ध कराने का फैसला किया है। इसका कारण है कि टी20 रैंकिंग और महिला चैंपियनशिप के लिहाज से उनके लिए टी20 और एकदिवसीय अहम है। दक्षिण अफ्रीका की नेशनल टीमों और हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर एनोच नकेवे ने कहा कि रेड बॉल फॉर्मेट का विकास अहम है, यह ध्यान देने योग्य है कि वर्तमान महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट के महत्व के कारण संसाधनों को लिमिटेड ओवर्स में इस्तेमाल किया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले ही एकदिवसीय वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर लिया था। लेकिन उसका लक्ष्य महिला चैंपियनशिप की अंक तालिका टेबल में पहले नंबर पर रहना था। अभी वह एकदिवसीय रैंकिंग में चौथे और टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में पांचवें नंबर पर हैं।

सऊदी अरब यात्रा को लेकर चर्चा में प्रियंका चोपड़ा

मुंबई

सऊदी अरब यात्रा को लेकर अंतरराष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आजकल चर्चा में हैं। प्रियंका ने सऊदी अरब के रेगिस्तान में ऊंट की सवारी का आनंद लिया और सैंडरेल (रेगिस्तान में चलने वाली तेज रफ्तार गाड़ी) चलाते हुए रोमांचक अनुभव किया। प्रियंका का यह अनुभव उनके फैंस के बीच बेहद पसंद किया गया है।

उन्होंने हाल ही में अपने पति निक जोनस के साथ वहां बिताए गए खास पलों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में प्रियंका और निक रेगिस्तान में मजेदार पलों का आनंद लेते हुए नजर आ रहे हैं। प्रियंका ने इस दौरान सिर पर पारंपरिक अरब साफा (पगड़ी) पहनी थी, जो उनके लुक को और भी खास बना रही थी। इन तस्वीरों में प्रियंका और निक दोनों ही बहुत खुश नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में प्रियंका ऊंट की सवारी करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि दूसरी में वह सैंडरेल चला रही हैं। रेगिस्तान की रेत के बीच ली गई इन तस्वीरों ने उनके फैंस को खासा प्रभावित किया है।

प्रियंका के इस लुक और रोमांचकारी अनुभव ने न केवल उनके फैंस, बल्कि मीडिया में भी खूब सुर्खियां बटोरी हैं। प्रियंका चोपड़ा सऊदी अरब में हुए रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का भी हिस्सा बनीं, जहां 12 दिसंबर को आयोजित इस इवेंट में उन्होंने ग्लैमरस लुक में रेड कार्पेट पर शिरकत की। प्रियंका की इस उपस्थिति ने फेस्टिवल की रौनक को और भी बढ़ा दिया। प्रियंका की यह यात्रा उनके ग्लोबल प्रोजेक्ट्स के अलावा उनके फैंस के लिए भी खास बन गई है।

फराह जल्द ही एक बड़े रियलिटी शो में आ सकती है नजर

मुंबई

ह्यबिग बॉस 18ह्न शो में अभिनेता सलमान खान की गैर-मौजूदगी के बावजूद कोरियोग्राफर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर फराह खान की होस्टिंग को जबरदस्त सराहना मिली, और उनके अंदाज और ऊर्जा ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

अब फराह खान का नाम एक और बड़े रियलिटी शो से जुड़ने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, फराह को ह्यमास्टरशेफ इंडियाह्न के आगामी सीजन के लिए जज बनने का ऑफर मिला है। ह्यमास्टरशेफ इंडियाह्न का नया सीजन टीवी पर जल्द ही वापसी करेगा और इसके निमार्ताओं को इस बार शो के लिए कुछ खास जज की तलाश थी। फराह की एंट्री से शो में और भी ज्यादा मसाला जुड़ सकता है, क्योंकि वह न सिर्फ अपनी मस्ती और एंटरटेनिंग पर्सनालिटी के लिए जानी जाती हैं, बल्कि उनकी बेबाक राय और दिलचस्प अंदाज भी दर्शकों को आकर्षित करता है। फराह खान के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह है कि वह हमेशा अपनी राय बड़े ही बेबाकी से रखती हैं, चाहे वह ह्यबिग बॉसह्न के कंटेस्टेंट्स की क्लास लेने की बात हो या फिर किसी की तारीफ करने की।

उनका यह कड़क और ईमानदार अंदाज उन्हें और भी खास बनाता है। यही कारण है कि मेकर्स ने उन्हें ह्यमास्टरशेफ इंडियाह्न के लिए अप्रोच किया है। हालांकि, यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है कि फराह ने जज बनने के लिए हां कहा है या नहीं। लेकिन यदि वह इस शो का हिस्सा बनती हैं, तो उनके दिलचस्प अंदाज और फैंस के साथ कनेक्शन के कारण यह सीजन और भी मनोरंजक हो सकता है। इस शो के साथ फराह को एक नया मंच मिलेगा, जहां वह अपनी जजमेंट और मस्ती से दर्शकों का मनोरंजन कर सकती हैं। उनकी फैंस को भी यह एक नया और शानदार एंटरटेनमेंट का मौका मिल सकता है।

बता दें कि ह्यबिग बॉस 18ह्न शो में सलमान की जगह फराह का एंटरटेनिंग अंदाज शानदार था और अब दर्शक उन्हें फिर से शो में देखने के लिए बेताब हैं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि फराह फिर से ह्यबिग बॉसह्न में आएंगी या नहीं, लेकिन एक नई खबर आ रही है कि फराह जल्द ही एक और बड़े रियलिटी शो में नजर आ सकती हैं।

विशेष सूचना

आज से समाचार पत्रा में वही संवाददाता वैध रहेंगे जिनके नाम प्रेस लाईन के ऊपर बने बॉक्स में दशार्ये गये हैं।

समाचार व विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।

सारिका
डेक्स एडिटर
7500992656

नाथीराम कश्यप
विशेष संवाददाता, लक्सर
9411119095

शादाब अली
देहरादून
मो. 9897139325

शमशाद अहमद
भगवानपुर

सभी राज्यों में, जिला, तहसील व ब्लॉक, स्तर पर प्रभारी व रिपोर्टर पद हेतू कार्य करने के इच्छुक युवक/युवतियां सम्पर्क करें।

अमित कुमार मंगोलिया
सम्पादक
प्रधन कार्यालय
मिशन नेशनल न्यूज, पुल
जटवाड़ा, घास मण्डी, ज्वालापुर,
हरिद्वार
मो. 9219141431
किसी भी तरह के विवाद का निपटारा
हरिद्वार न्यायालय में होगा

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक अमित कुमार ने जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार ;उत्तराखण्ड से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः घास मण्डी, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार पिन 249407 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा सम्पादकः अमित कुमार